संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, रविवार, 28 अप्रैल 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 116 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने महाराष्ट्र के उत्तर मध्य मुंबई सीट से उज्जवल देवराव निकम को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा। -भागवद्"

## मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। -स्वामी विवेकानंद"

# '2047 तक विकसित भारत बनाएंगे'

## सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गयाः शाह

**दावा**

8 देश में हुए अबतक दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ हो गया है : अमित शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकोटः** केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे। अमित शाह ने शनिवार को राजकोट जिले के जामकंडोरणा में पोरबंदर लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए अबतक दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ हो गया है। सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अनुच्छेद 370 के खात्मे और राममंदिर निर्माण की भी चर्चा की। शनिवार सुबह उन्होंने कहा कि गांधी-सरदार के गुजरात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में पहचान दिलाई। शाह ने कहा कि 10 वर्षों के शासनकाल में नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के किए गड्ढों को भरने का काम किया है। आगामी 5 साल में नींव डालने का काम होगा। मोदी ने गुजरात को 5 लाख 95 हजार करोड़ रुपये दिए हैं।

**सरदार पटेल का स्मारक बनाया :** उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का नाम भुला दिया था, अब सरदार पटेल का स्मारक पीएम मोदी ने बनाया है। समुद्री किनारों को नरेन्द्र मोदी ने सुरक्षित किया है। कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में 8 घंटे से अधिक बिजली नहीं देती थी। जबकि पीएम मोदी ने ज्योतिग्राम योजना के जरिए गांवों में 24 घंटे बिजली देने की शुरूआत कर दी है। पीएम मोदी के कारण समग्र सौराष्ट्र में विकास का पहिया तेज गति से घूमा है।

### समान नागरिक संहिता लागू होगाः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करना पीएम मोदी की गारंटी है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुस्लिमों का है। मैं आज गुना की धरती पर कहकर जाता हूं कि इस देश के संसाधनों पर गरीब, दलित, ओबीसी और आदिवासियों का सबसे पहला अधिकार है। कांग्रेस ने 70 सालों तक राम मंदिर का मुद्दा दबाकर रखा, इसी तरह अनुच्छेद- 370 को गोद में खेलाती रही लेकिन मोदी जी ने उसे झटके से खत्म कर दिया। उन्होंने यह बातें शुक्रवार को मध्य प्रदेश में गुना संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभा में कहीं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ फिर से लाएंगे। कांग्रेस पार्टी शरिया कानून से देश को चलाना चाहती है।

## इस देश को बचा लीजिए, तानाशाही के खिलाफ वोट करेंः सुनीता



**टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्लीः लोकसभा** चुनाव को लेकर राजनेता प्रचार के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। दिल्ली में भी प्रचार जोरों पर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली में मेगा रोड शो निकाला। जिसके बाद उनकी राजनीति में एंट्री हो गई है। यह उनका पहला रोड शो है।

**सड़कों पर लगे केजरीवाल के पोस्टरः** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली से आप के लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में कोंडली इलाके में रोड शो किया। मिली जानकारी के मुताबिक, कोंडली इलाके में रोड शो से पहले आई लव केजरीवाल और जेल का जवाब वोट से के पोस्टर लगाए गए हैं। दिल्ली वालों से सुनीता केजरीवाल की अपील

सुनीता केजरीवाल ने रोड शो के दौरान कहा कि ये देश तानाशाही की ओर जा रहा है। इस देश को बचा लीजिए। 25 मई को वोटिंग का दिन है। आप लोग वोट देने जाएंगे। उस दिन तानाशाही के खिलाफ वोट दें। जय हिंद.. उन्होंने जेल का जवाब वोट से का नारा भी लगाया। मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि वे पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही हैं।

अभी तक ऐसे कार्यक्रम के प्रमुख मुख्यमंत्री केजरीवाल हुआ करते थे। उनके जेल जाने के बाद इस कमी को दूर करने के लिए सुनीता चुनावी मैदान में हैं। सुनीता केजरीवाल के रोड शो से पहले दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज से शुरूआत हो रही है। हम लोग रोड शो के जरिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मैसेज जनता तक पहुंचाएंगे।

**भावुक अपील**

8 मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली में मेगा रोड शो निकाला

## देश के चार हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी के हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया गया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं।

## लड़कियों की उम्मीदों का कब्रगाह बना अफगानिस्तानः यूएन

**टीम एक्शन इंडिया**

**काबुल :** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की स्थितियों पर चिंता जाहिर करते हुए अमानवीय बताया है। वर्तमान हालात को देखते हुए संयुक्त राष्ट्री ने अफगानिस्तान को लड़कियों की उम्मीदों के लिए कब्रगाह बताया है। तालिबान ने 15 अगस्त, 2021 को अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद से उसने लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की पढ़ाई प्रतिबंधित कर दी और बाद में उनके लिए विश्वविद्यालयों के दरवाजे भी बंद कर दिए। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आलोचनाओं की परवाह नहीं करते हुए तालिबान अपना प्रतिबंध जारी रखे हुए है। प्रतिबंध के बावजूद शिक्षा के अधिकार के लिए लड़कियों के संघर्ष का समर्थन करते हुए संयुक्त राष्ट्र महिला संभाग ने गुरुवार को आईसीटी में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शैक्षणिक प्रतिबंधों के सामने अफगान लड़कियों के अधिकार पर प्रकाश डाला। हर वर्ष अप्रैल के चौथे गुरुवार को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (कळ) विभाग में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है।

## केंद्र सेनाओं में महिलाओं की भागीदारी तय करेः हाईकोर्ट

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने केंद्र से सवाल किया है कि क्या इंडियन आर्म्ड फोर्सेस के इंडियन मिलिट्री एकेडमी, इंडियन नेवल एकेडमी और एयर फोर्स एकेडमी में कॉम्बाइंड डिफेंस एग्जामिनेशन के जरिए महिलाओं को एंट्री मिल सकती है। हाईकोर्ट ने केंद्र को 8 हफ्ते में जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने ये आदेश कुश कालरा नाम के याचिकाकर्ता की याचिका पर दिया। इसमें कालरा ने दिसंबर 2023 को जारी हुए एक नोटिफिकेशन को चैलेंज दिया था। इस नोटिफिकेशन में इंडियन मिलिट्री एकेडमी, इंडियन नेवल एकेडम, एयर फोर्स एकेडमी और ऑफिससर्स ट्रेनिंग एकेडमी में सीडीएस एग्जाम के जरिए रिक्रूटमेंट के लिए एप्लीकेशन मंगाई गई थी। शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा ने संज्ञान लिया कि इस मामले में याचिकाकर्ता की याचिका अब तक संबंधित अथॉरिटी के पास पेंडिंग पड़ी है। जजों ने कहा कि हम केंद्र को आदेश दे रहे हैं कि वे 8 हफ्तों में कानून के तहत महिलाओं के रिप्रेजेंटेशन को लेकर कोई निर्णय लें। इस आदेश के साथ हम इस याचिका का निपटारा कर रहे हैं।



**आदेश**

8 मिलिट्री, नेवी और एयरफोर्स अकादमी में उऊ्र के जरिए एडमिशन दें; 8 हफ्ते में जवाब मांगा

**याचिकाकर्ता ने कहा- महिलाओं को जेंडर के आधार पर एग्जाम से बाहर रखना गलत**

याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि तरफ से कराए जाने वाली परीक्षा के नोटिफिकेशन में महिलाओं को उनके जेंडर के आधार पर अनुचित रूप से बाहर रखा गया है।

## हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**


**रांचीः** ईडी की अदालत ने शनिवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सोरेन ने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी। कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे। उल्लेखनीय है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन शनिवार की सुबह हो गया। उनके अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन ने अंतरिम जमानत याचिका दाखिल की थी।



## हेलीकॉप्टर पर बैठने के दौरान गिर पड़ीं ममता बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हुई हैं। दुर्गापुर में चुनाव प्रचार के लिए जाते समय जब वह हेलीकॉप्टर में बैठ रही थीं तो गिर पड़ी। हालांकि उन्हें बहुत हल्की चोट आई है और इस घटना के तुरंत बाद वह हेलीकॉप्टर में बैठकर सभा स्थल के लिए गईं और जनसभा को संबोधित भी किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को चुनाव प्रचार के लिए दुगार्पुर पहुंची थीं, जहां हेलिकॉप्टर पर चढ़ते समय उनके साथ ये हादसा हुआ। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता हेलिकॉप्टर के अंदर ही फिसलकर गिर गईं। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। दुगार्पुर से आसनसोल जाने के लिए हेलिकॉप्टर ममता का इंतजार कर रहा था। उसके बाहर चढ़ने के लिए सीढ़ियां लगाई गई थीं, जिन पर चढ़ते हुए हेलिकॉप्टर के भीतर बैठना था।



## आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेगी कांग्रेस : प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**धरमपुरः** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर स्थित दरबार गढ़ कम्पाउंड में सभा को संबोधित किया। सूरत हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद यहां हेलिकॉप्टर खराब होने से वे सड़क मार्ग से धरमपुर पहुंची। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कांग्रेस मेनिफेस्टो की खूब चर्चा है, इसे न्याय पत्र नाम दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले 10 सालों से लोगों के जीवन में तरक्की नहीं आई, लोगों को न्याय नहीं मिला है। कांग्रेस ने जो न्याय पत्र बनाया है इसमें काफी स्कीम और गारंटी लाए हैं, उसे पूरा करेंगे। जहां-जहां हमारी सरकारें हैं या थीं वहां हमने जो भी गारंटी दी, उसे पूरा किया। हमारी सरकार आएगी तो वन अधिकार का कानून लागू करेंगे और पट्टों से संबंधित मामलों का फैसला एक साल के अंदर करवाएंगे। एससी-एसटी का सब प्लान लागू करेंगे। आदिवासी समाज की जहां अधिक जनसंख्या है, उसे अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेंगे।



**न्याय पत्र**

8 प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कांग्रेस मेनिफेस्टो की खूब चर्चा है, इसे न्याय पत्र नाम दिया गया है

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को हाई कोर्ट ने दी जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है, लेकिन उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली मामले में उनको सात साल की सजा सुनाई थी। सजा बरकरार रहने के कारण धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। यह आदेश जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने धनंजय सिंह की सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर दिया है।

## सीबीआई छापे पर टीएमसी ने की आयोग से शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी और यहां पर मिले विदेशी हथियारों को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गई है। संदेशखाली में छापेमारी की घटना को जहां एक तरफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने जहां इसे राज्य को बदनाम करने की साजिश बताकर चुनाव आयोग से शिकायत की है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेता इस मामले में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग करने लगे हैं। भाजपा नेता पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की वकालत कर रहे हैं। शुक्रवार को सीबीआई की छापेमारी के बाद शनिवार को तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर सीबीआई पर आरोप लगाया है कि यह छापेमारी बंगाल को बदनाम करने के लिए की जा रही है। सीबीआई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए टीएमसी ने कहा है कि मतदान के दिन पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक खाली स्थान पर बेईमानी से छापा मारा गया ताकि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी की छवि खराब की जा सके। उधर, सीबीआई छापेमारी में विदेशी हथियार मिलने को गंभीर मामला बताते हुए बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि संदेशखाली में मिले हथियार विदेशी हैं, जिनका देश विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पूर्व टीएमसी नेता शाहजहां शेख आतंकी है। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री बने रहने का हक नहीं है।




**बदनाम**

8 टीएमसी ने जहां इसे राज्य को बदनाम करने की साजिश बताकर चुनाव आयोग से शिकायत की है

## कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफालः** मणिपुर के नारानसेना इलाके में आधीरात से 2:15 बजे के मध्य कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ ) के दो जवान शहीद हो गए। 128वीं बटालियन के ये दोनों जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात थे। मणिपुर पुलिस ने यह जानकारी दी। मणिपुर पुलिस के एक्स हैंडल के अनुसार, सुरक्षा बलों का पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान शुरू है।

एनएच-2 पर आवश्यक वस्तुओं के साथ 348 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों में कुल 127 नाका और चेकपॉइंट स्थापित किए गए हैं। पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में 139 लोगों को हिरासत में लिया है।

**सेना बुलाई गई**    उत्तराखंड के जंगलों में 4 दिन से आग लगीः 11 जिलों में 1780 एकड़ जंगल प्रभावित; आर्मी एरिया के करीब पहुंची

# धधकते जंगल... सुलगते पहाड़ और सांसों पर संकट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीतालः** उत्तराखंड के जंगलों में फैली आग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नैनीताल के पास भवाली दुगई स्टेट से सटे जंगल से बर्मा टोप के जंगलों तक पहुंच गई है। इसके अलावा आग की लपटें नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी के पास भी पहुंच गई हैं। नैनीताल में लड़ियाकांटा इलाके के जंगल में भी आग फैली हुई है। तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। यहां फैल रही आग पर काबू पाने के लिए सेना की मदद ली जा सकती है। जानकारी के अनुसार, नैनीताल के लड़ियाकाटा एयर फोर्स, पाइंस, गेठिया, बलदियाखान, एरीज, बारा पत्थर के पास जंगल क्षेत्र में आग लगी हुई है। जिसको काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर दमकल विभाग और वन विभाग है।



**कुमाऊं के जंगल में 26 जगह लगी आग :** कुमाऊं में जंगल धधक रहे है। आग की घटनाएं लगातार जारी हैं। बीते 24 घंटे में एक-दो नहीं बल्कि कुमाऊं के जंगलों में 26 जगहों पर आग लगी है। प्रदेश के 31 जगहों पर आग लगने की घटना हुई है, इसमें सर्वाधिक आग लगने की घटना कुमाऊं में 26 स्थानों पर हुई। गढ़वाल मंडल में कोई भी घटना नहीं हुआ है, जबकि वन्यजीव क्षेत्र में पांच स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में करीब 34 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनसंपदा को नुकसान पहुंचा है।

**चमोली के जंगलों में फिर भड़की आग :** चमोली जिले के जंगलों में आग फिर धधक गई है। शुक्रवार को जिले के अलग-अलग पांच जगह पर वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं। जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा नष्ट हो गई है। शुक्रवार को गोपेश्वर के पास कोठियालसैंण और ग्वीलों के जंगल में आग भड़क गई।

**आग की लपटें**

8 लपटें हाईकोर्ट कॉलोनी के पास भी पहुंच गई हैं। लड़ियाकांटा इलाके के जंगल में भी आग फैली हुई है

## केंद्र ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की दी अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात करने की अनुमति दी है। इन छह देशों में बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका हैं। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करने की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) प्याज का निर्यात करेगी। इसके साथ ही भारत सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है। मंत्रालय के मुताबिक देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते महाराष्ट्र एनसीईएल द्वारा निर्यात के लिए खरीदे गए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए खरीद का लक्ष्य इस वर्ष 5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है।



**निर्यात**

8 केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) प्याज का निर्यात करेगी

# लोगों को बरगलाकर वोट हासिल करना चाहती है कांग्रेस: सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बादली में राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा को 'युवराज' कहकर घेरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ द्वारा आयोजित रैली में उमड़ा जनसैलाब, भीड़ को देखकर मुख्यमंत्री नायब सैनी भी गदगद, बोले-दसों सीटों पर खिलेगा कमल

**सचेत किया**

**8 मतदाताओं को सचेत करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को इन चुनावों में कांग्रेस के झूठ से सचेत रहना है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ /झज्जर :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि कांग्रेस का काम झूठ बोलना, लोगों को बरगलाकर वोट हासिल करना है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं को सचेत करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को इन चुनावों में कांग्रेस के झूठ से सचेत रहना है। सीएम ने दावा किया कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर देश में विकास की गति और तेज होगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर अरविंद शर्मा के समर्थन में बादली विधानसभा की "विजय संकल्प रैली" को संबोधित कर रहे थे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के संयोजन में हुई इस रैली में राजीव जैन, कैप्टन भूपेंद्र, दिनेश घिलोड़ समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी मंच पर मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 10 सालों में किसान की खुशहाली के लिए काम हुए हैं। युवाओं के रोजगार और युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य हुआ है। महिलाओं को सशक्त करने का काम हुआ है और देश को मजबूत करने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले और बाद के भारत में अंतर साफ नजर आता है। इन 10 सालों में देश ने विकास की नई ऊंचाइयां को छूने का काम किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस राज में कांग्रेसी नेताओं को हरियाणा के लोगों की चिंता नहीं होती थी, बल्कि वह दिल्ली में बैठे अपने आकाओं की हाजिरी भरने में लगे रहते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में एक युवा को नौकरी लगने के लिए पूरा गांव मंत्री और मुख्यमंत्री के चक्कर काटता था, लेकिन हरियाणा में मनोहर लाल की सरकार बनने के बाद नौकरियों का सिस्टम ऐसा बना दिया गया कि अब किसी को भी कहीं चक्कर काटने की जरूरत नहीं है और न ही किसी को कोई पैसे देने की जरूरत है। ऐसे में युवाओं का शिक्षा के प्रति विश्वास पैदा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में ऐसे लोग हैं, जिन्हें खेती के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। कांग्रेस के "युवराज" ने कहा था कि वह आलू से सोना बनाने की तकनीक लेकर आ रहे हैं और हरियाणा के युवराज ने तो लोकसभा के अंदर यहां तक कह दिया था कि हरियाणा के किसान 2 से 3 फीट तक का आलू पैदा करता है। राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल ने कहा कि उनकी सरकार आने पर एक घंटे में देश से गरीबी खत्म कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सीधा पूछा कि ऐसा कौन सा अल्लादीन का चिराग युवराज को मिल गया है,

जिसको रगड़ने से देश की गरीबी मिट जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1970 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था और उसके बाद देश में 35 से 40 साल तक इन लोगों का शासन रहा, लेकिन गरीबी नही मिटी, बल्कि गरीबी और ज्यादा बढ़ती चली गई। उन्होंने कहा कि अगर गरीबी हटाने की बात नरेंद्र मोदी करते हैं तो उसमें दम नजर आता है, क्योंकि सरकार ने गरीबों के लिए ऐसी योजना बनाई है, जिससे देश से गरीबी खत्म हो जाएगी। सरकार की इन्हीं नीतियों के कारण देश से 25 करोड लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकल पाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने चार करोड़ मकान "प्रधानमंत्री आवास योजना" के अंतर्गत बनाकर गरीबों को दिए। उनके घरों में रसोई गैस और चूल्हा देने का काम किया। हर महीने राशन दिया जा रहा है और हर घर में नल से जल देने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग गांव में कुछ लोगों को बहका कर सरकार के खिलाफ खड़ा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सरपंचों से कहा कि वह अपने इलाके में विकास के कार्य करवाए, सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसानों की बात करने वाले लोगों के शासन को किसानों ने अच्छी तरह से देखा है। कांग्रेस के राज में 2 और 5 रुपए के चैक किसानों के लिए आते थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने 10 साल में प्रदेश के किसानों को साढ़े 12 हजार करोड़ रुपए खराब फसलों के मुआवजे के रूप में देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के नाम पर देश के किसानों के खाते में साढ़े 3 लाख करोड़ रुपए सीधे ट्रांसफर किए हैं।




### सीएम ने अधिकारियों को चेताया, कार्यकर्ताओं के काम करो

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के अधिकारियों को साफ रूप से निर्देश दिए कि वह भाजपा के कार्यकर्ता जब भी कोई काम लेकर आएं तो प्राथमिकता के आधार पर करने का काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के हित के लिए बोलते हैं और लोगों के काम लेकर आते हैं। वह कोई गलत काम करवाने के लिए कभी नहीं आते। ऐसे में अधिकारियों का फर्ज बनता है कि वह लोगों के सामूहिक काम करें। उन्होंने लोगों से कहा कि उनका कोई भी काम हो तो भाजपा के हर कार्यकर्ता और स्थानीय विधायक या चुनाव लड़ चुके व्यक्ति से मिलें। अगर उन्हें लगता है कि उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है तो मुख्यमंत्री के दरवाजे 24 घंटे आप लोगों के लिए खुले हैं।

### समान नागरिक संहिता कानून में होनी चाहिए रोहतक लोकसभा की भागीदारी: धनखड़

**पार्टी** के राष्ट्रीय सचिव एव बादली विजय संकल्प रैली संयोजक औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटाने में रोहतक लोकसभा की भागीदारी थी। अब मोदी जी ने देश में समान नागरिक संहिता का कानून बनाने की बात कही है। मोदी जी जो कहते हैं वो करते हैं हमारी वीरों की भूमि है। यह हरबीर गुलिया, चो बदलू राम, उमराव सिंह, पंडित श्रीराम शर्मा, राव मंगलीराम, ब्रिगेडियर होशियार सिंह जैसे वीर सपूतों की भूमि है। इसलिए इस वीर भूमि की समान नागरिक संहिता कानून में भागीदारी होनी चाहिए। यह भागीदारी 25 मई को कमल का बटन दबाने से होगी। धनखड़ ने कहा कि बादली में शताब्दी रेल की सिटी बजेगी , थोड़ा सा इंतजार कर लो। पलवल से केएमपी एक्सप्रेस वे के साथ दोहरी रेल लाइन डालने का काम शुरू हो चुका है। बादली से शताब्दी में बैठकर चंडीगढ़ पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री सैनी ने रैली में उमड़े जन सैलाब से गदगद होकर कहा कि चार जून के बाद बादली हलके सभी बकाया विकास कार्यों को सिरे चढ़ाकर पूरा करवाया जाएगा। अधिकारियों से चार जून के बाद हिसाब भी लिया जाएगा क्या काम हुआ है और क्या नही हुआ। उन्होंने कहा कि धनखड़ जी हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं । काम के लिए इनका फोन करना ही काफी है। धनखड़ ने कहा कि चार जून के बाद फिर यही पर आकर मुख्यमंत्री बादली बस स्टैंड, कुलाना महिला कॉलेज, पटौदा मॉडल संस्कृति स्कूल सहित हलके के अन्य बाकि कामों का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

धनखड़ ने कहा कि हमारा सपना बादली हलके को विकसित हलका बनाना हैं। बादली को उपमंडल, तहसील और ब्लॉक बनाया । माछरौली को ब्लॉक बनाया। उन्होंने कहा कि आप 25 मई को कमल का बटन दबा देना। मोदी जी समान नागरिक संहिता का कानून बनाएंगे ।इस कानून बनाने में रोहतक लोकसभा की भूमिका होनी चाहिए, जिस तरह कश्मीर से धारा 370 हटाने में थी।

**झज्जर तक मेट्रो नहीं ला पाया तो अगला चुनाव नहीं लड़ूंगा :** अरविंद रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा ने कहा कि अगर वह झज्जर तक मेट्रो नहीं ला पाए तो अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। वह मेट्रो का विस्तार पहला बादली तक और उसके बाद झज्जर तक करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र की पहली प्रति झज्जर जिले के रामवीर चाहर को देकर इस जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही एक देश-एक कानून संभव है।

# कांग्रेस में ज्वाइनिंग का सिलसिला जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** जैसे-जैसे वोटिंग का दिन नजदीक आ रहा है, हरियाणा कांग्रेस का कुनबा लगातार विस्तार लेता जा रहा है। इसी कड़ी में आज जजपा, इनेलो व अन्य दलों को छोड़कर करीब 50 नेताओं, पदाधिकारियों व सरपंचों ने कांग्रेस ज्वाइन की। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जेजेपी युवा इकाई के प्रदेश प्रधान महासचिव रब्बू पंवार चरखी दादरी, जजपा के पूर्व हलका अध्यक्ष डॉ. विजय सांगवान, पूर्व प्रधान महासचिव युवा ईकाई जजपा प्रोफेसर सत्यपाल आर्य, हलका अध्यक्ष एससी सेल जजपा बाढ़डा लीलू राम, हल्का अध्यक्ष किसान सेल जजपा ओमप्रकाश जटराणा उर्फ लीलू, पूर्व जिला महासचिव बुद्धिजीवी प्रकोष्ट चरखी दादरी धर्मेंद्र बलकारा, बीसी सेल हलका अध्यक्ष बाढ़डा इनेलो दिलबाग नौसवा समेत 50 नेताओं ने अपने समर्थकों संग कांग्रेस का दामन थामा। हुड्डा और चौधरी उदयभान ने सभी का पार्टी में स्वागत किया व पूर्व मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। दोनों नेताओं ने सभी से चुनाव में कांग्रेस को जितवाने का आह्वान किया। इस मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने खड़ी फसल में आग लगने की घटनाओं पर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटनाओं पर रोक लगान के लिए सरकार को फायर बिग्रेड को सक्रिय करना होगा। विभाग की तैयारी युद्ध स्तर पर होनी चाहिए। अबतक जिन किसानों को फसलों में आग की वजह से नुकसान हुआ है, सरकार को सभी के लिए उचित मुआवजे का ऐलान करना चाहिए। हुड्डा ने आगे कहा कि बीजेपी के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण लगातार किसानों की समस्याएं बढ़ रही है। मंडियों में किसानों की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है। ऊपर से लगातार बारिश और आंधी का डर बना हुआ है।

**हाथ पकड़ा**

**8 धीमे उठान और भुगतान में देरी से किसानों को हो रहा भारी नुकसान: पूर्व सीएम हुड्डा**

**न्यूज फ्लैश**

### स्कूल बस हादसे के बाद नई बसों की खरीदी धुरु

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के महेंद्र गढ़ जिले के कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह बाल छात्रों की मृत्यु के बाद स्कूल संचालक पुरानी बसे बदल रहे है। जींद जिले के निजी स्कूल संचालक करीब साठ नई बसे ले चुके है। जींद के डीसी मोहम्मद इमरान रजा के 10 वर्ष पुरानी स्कूल बसों को सड़कों पर उतारते ही चालान और इम्पाउंड करने के आदेशों के बाद कार्रवाई के डर से स्कूल संचालक नई स्कूल बसें खरीद रहे हैं। अब तक जिले के निजी स्कूलों में 60 से ज्यादा नई बसों की खरीद की जा चुकी है। अब हर सोमवार को जींद जिला परिवहन विभाग द्वारा नई बसों की फिटनेस जांच के बाद पासिंग की जाएगी। पिछले 15 अप्रैल को कनीना में स्कूल बस हादसे में छह स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी। इसके बाद सभी जिलों में जिला परिवहन विभाग के अधिकारी हरकत में आए और स्कूल बसों की जांच की गई। इस दौरान जिन बसों में खामियां पाई गईं, उन पर जुमार्ना लगाया गया। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक में निर्देश दिए थे कि जिले में कहीं पर भी 10 वर्ष से ज्यादा पुरानी स्कूल बस नहीं चलने दी जाएगी। 10 साल पुरानी बस चलाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला परिवहन विभाग की टीम ने स्कूलों में जाकर बसों की जांच की और फिटनेस नहीं मिलने पर जुमार्ना किया । एक सप्ताह में 50 से ज्यादा बसों की जांच कर उन पर जुमार्ना लगाया गया। इससे स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया। काफी स्कूल संचालकों ने तीन दिनों तक अपने स्कूल बंद भी रख कर विरोध जताया। कार्रवाई के डर से कुछ स्कूल संचालक अब नई बसें खरीद रहे हैं। पुरानी हो चुकी स्कूल बसों की फिटनेस जांच के लिए जिला परिवहन विभाग ने स्कूल संचालकों को 28 अप्रैल तक का समय दिया है। 20 अप्रैल से अब तक आठ से 10 स्कूल संचालक ही अपनी बसों की फिटनेस जांच के लिए आए हैं, जबकि सूत्रों की मानें तो 100 से ज्यादा स्कूलों में अभी ऐसी बसें चल रही हैं, जिनकी फिटनेस अधूरी है। इन बसों में सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीडो मीटर नहीं हैं। अब देखना यह होगा कि 28 अप्रैल के बाद फिर से बसों की जांच का अभियान चलाया जाएगा या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की जिंदगी का सवाल है, इसलिए यह अभियान लगातार चलते रहना चाहिए और नियमों को पूरा नहीं करने वाली बसों के चालान करने चाहिए।

### फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाकर नए रुप में किया विकसित : कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबाद: भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर बड़ा तंज कसते हुए कहा कि औद्योगिक नगरी के नाम से विख्यात फरीदाबाद जिले को कांग्रेस सरकार ने फकीराबाद बना दिया था। उसे पिछले दस सालों में भाजपा सरकार में स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाकर नए रुप में विकसित किया गया। इस शहर में सुंदर सडकें, स्मार्ट फ्लाईओवर्स बनाए गए। जलनिकासी के उचित इंतजाम किए गए। यहां के लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरसक प्रयास किया गया। वे ओल्ड फरीदाबाद के कारखाना बाग में विकास अग्रवाल उर्फ विक्की द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

# मतदाता की मदद के लिए वोटर इन क्यू एप लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई वोटर इन क्यू एप के माध्यम से चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली कतार की जानकारी ली जा सकेगी। एप पर जानकारी लेकर मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकेंगे। ऐसे में इस एप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलगी। निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। हरियाणा में आगामी 25 को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए होने वाले मतदान को लेकर आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप जारी किया गया है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली कतार को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता कतार को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं। लेकिन अब इस ऐप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है।

# ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं सीएम सैनी और पूर्व सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** लोकसभा मिशन 2024 को फतह करने में भाजपा के सियासी दिग्गज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मैदान में उतरे हुए हैं। दोनों दिग्गज नेताओं का फोकस हरियाणा से विपक्ष का सुपड़ा साफ करना है। चुनावों की घोषणों के बाद से ही सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल ताबड़तोड़ रैलियां करके चुनाव को एकतरफा ले जाने में लगे हैं। दोनों दिग्गज नेताओं का लक्ष्य जल्दी से जल्दी 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां संपन्न कर लेना है।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदेश मीडिया सह- प्रमुख शमशेर खरक ने बताया कि सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल 40 के लगभग रैलियां कर चुके हैं। भाजपा ने अभी 2 मई तक का शैड्यूल जारी किया है जिसमें मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री हर रोज चार से पांच रैलियां करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 28 अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे रादौर विधानसभा और सायं 5 बजे पंचकूला विधानसभा में विजय संकल्प रैली करेंगे। 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री 10 बजे गुरुग्राम में लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह यादव का नामांकन करवाएंगे, वहीं 1 मई को प्रातः 10 बजे अंबाला में श्रीमती बन्तो कटारिया का नामांकन करवाएंगे। 2 बजे पुण्डरी विधानसभा में विजय संकल्प रैली करेंगे। 2 मई को 10 बजे मुख्यमंत्री श्री सैनी थानेसर में कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार नवीन जिंदल का नामांकन करवाएंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 28 अप्रैल को सुबह 10 बजे गढ़ी-सांपला किलोई, 3 बजे राई विधानसभा में रैलियां करेंगे। इसी तरह 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे आदमपुर, 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे चरखी दादरी, 2 बजे तोशाम और 3.30 बजे असंध विधानसभा में रोड शो करेंगे। 1 मई को 11 बजे सफीदो, सायं 4 बजे पटौदी विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे।



**रैलियां**

**8 दोनों दिग्गज नेताओं का लक्ष्य जल्दी से जल्दी 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां संपन्न कर लेना है**

# मनोहर लाल ने युवाओं से किया सीधा संवाद, युवाओं के मन की बात भी जानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में 10 के 10 कमल खिलाने के लिए भाजपा ने हर वर्ग को साधने पर फोकस किया हुआ है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने की रणनीति पर काम काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोहतक में युवा पंचायत का आयोजन कर युवाओं से सीधा संवाद किया। मनोहर लाल ने युवाओं के मन की बातें जानी। इस दौरान पूर्व सीएम ने सरकार की उपलब्धियां और योजनाएं भी बताई। यहां पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों का बिना भेदभाव के विकास हो रहा है। युवाओं से संवाद करते हुए मनोहर लाल ने भाजपा सरकार के 10 सालों के कार्यों के बारे में युवाओं से जाना। पूर्व सीएम ने सरकार के कौन-कौन से काम अच्छे लगे?, इस पर भी युवा पंचायत में चर्चा की। संवाद करते हुए एक युवा ने बीजेपी सरकार के बिना पर्ची और बिना खर्ची से नौकरी देने के पारदर्शी सिस्टम की सराहना की और पूर्व सीएम मनोहर लाल का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें रोडवेज चालक की नौकरी योग्यता के आधार पर मिली है।



# शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 53 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 53 लाख रुपए की ठगी की वारदात में साथ देने वाले पांच आरोपियों को साइबर थाना एनआईटी प्रभारी अमित कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित, शमीम, सौरभ, रोशन तथा दिव्यांशु का नाम शामिल है। आरोपी शमीम तथा सौरभ उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, आरोपी अंकित उत्तराखंड, आरोपी रोशन बिहार तथा आरोपी दिव्यांशु गुजरात का निवासी है। 14 मार्च को साइबर थाने में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास किया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** सिरसा लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने शनिवार को रतिया में एक दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने रतिया खंड की सरपंच एसोसिएशन के साथ कंबोज धर्मशाला में बैठक की। इसके उपरांत उन्होंने फतेहाबाद में भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉ. तंवर ने कहा कि केवल एक महीने का समय है। सभी कार्यकर्ता एकजुटता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन लेकर जनता के बीच में जाएं और पार्टी के समर्थन में मतदान की अपील करें। उन्होंने सभी मतदाताओं से भी आग्रह किया कि वे अपने मतदान का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें ताकि वोट की ताकत से एक सशक्त सरकार का गठन हो सके। डॉ.तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई दिशा और दशा दी है। भारत की आजादी के बाद 10 साल तक ऐसी सरकार रही है, जिसने 67 साल की कालिख को धोने का काम किया है। आप सब लोग आने वाली 25 मई को कमल के निशान के बटन पर अपना हस्ताक्षर करना, बाकी काम मोदी जी स्वयं देख लेंगे। इस दौरान रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि वर्ष 2014 में विशुद्ध राजनीतिक क्रांति हुई और एनडीए ने पूर्ण बहुमत से केन्द्र में सरकार बनाई।

# हमने सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र नहीं घर-परिवार की तरह माना है: कुमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि हमने सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है। कई दशकों से हमने जनता की सेवा की है लोग आज भी मेरे पिता चौ. स्व. दलबीर सिंह और उनके काम को याद करते हैं, एक बार फिर मुझे जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा की जनता ने उनके पिता को चार बार सांसद चुना, उन्हें काम करने का मौका दिया। उनके बाद सिरसा के लोगों ने मुझे भी मौका दिया, प्यार दिया, समर्थन दिया, ये मौका सिरसा और अंबाला से दो दो बार मिला। उन्होंने कहा कि हमने सिरसा को कभी राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है।

कल सैलजा डबवाली, ऐलनाबाद और रानियां का करेंगी दौरा: सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) कुमारी सैलजा 28 अप्रैल को डबवाली, रानियां और ऐलनाबाद का दौरा कर कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक लेगी। रविवार सुबह 10.00 बजे गांधी चौक मंडी डबवाली में कार्यकर्ता बैठक होगी जहां पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया जाएगा। बाद दोपहर 01.00 बजे रानियां के गाबा रिजॉर्ट में कार्यकताओं की बैठक लेंगी। शाम 04.00 बजे ऐलनाबाद के लढ़ा रिजॉर्ट में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करेंगी।

# मनोहर लाल के मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु अदालत से भगोड़ा घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की करनाल लोकसभा सीट हॉट सीट होने के साथ कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के खिलाफ अदालती कार्रवाई से फिर सुर्खियों में है। हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को वर्ष 2018 के मामले भगोड़ा घोषित किया गया है। हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ बेरोजगारी के मुद्दे पर फ्लैक्स बोर्ड लगाने पर केस दर्ज किया गया था। इसी केस में दिव्यांशु बुद्धिराजा को भगौड़ा घोषित कर दिया है। दिव्यांशु बुद्धिराजा पिछले कई वर्षों से युवा कांग्रेस की ओर से मनोहर लाल के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे। दिव्यांशु ने गर्वनमेंट कालेज सेक्टर 1 में मनोहर लाल के काफिले में घुसकर जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद उन्हें विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके जेल भेज दिया गया था। इस आंदोलन के चलते मनोहर लाल जवाब दो के पोस्टर पंचकूला में विभिन्न स्थानों पर लगाए थे। इन पोस्टरों में युवाओं को नौकरी देने की मांग की गई थी। बुद्धिराजा पर केस दर्ज कर लिया गया था। पुलिस ने मामला न्यायालय में भेज दिया था।

हालांकि दिव्यांशु बुद्धिराजा का दावा है कि उन्हें इस केस के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उन्हें कभी न्यायालय से कोई सम्मन इस मामले में प्राप्त नहीं हुआ। मैं कभी हरियाणा से भागा नहीं था। मैंने तो कुरुक्षेत्र और गुरुग्राम में भी मनोहर लाल और ईडी के खिलाफ प्रदर्शन किए। पुलिस जब चाहती मुझे गिरफ्तार कर सकती थी।

कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर 3 जनवरी 2024 को पंचकूला सेक्टर 14 के पुलिस थाना में धारा 174ए के तहत मामला दर्ज किया गया। दरअसल बुद्धिराजा के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की पुलिस में शिकायत दर्ज थी। इस मामले में न्यायालय में सुनवाई थी और सुनवाई के दौरान वह पेश नहीं हुए थे। बुद्धिराजा अभी तक भगोड़ा ही हैं।

पुलिस के रिकार्ड में अब तक लापता रिपोर्ट सबमिट है।

हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1989 के तहत दिव्यांशु बुद्धिराजा पर 28 जनवरी 2018 को नगर निगम के प्रशासक रहे राजेश

जोगपाल की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत में कहा गया था कि यह देखा गया है कि एनएसयूआई ने पंचकूला के अधिकांश चौराहे पर कई फ्लेक्स साइन बोर्ड और होर्डिंग्स लगाए हैं। इन साइन बोर्डों के लिए किसी भी व्यक्ति या एसोसिएशन द्वारा निगम से अनुमति नहीं मांगी गई है।



**चुनावी मर्म**

**8 गर्वनमेंट कालेज सेक्टर 1 में मनोहर लाल के काफिले में घुसकर जमकर नारेबाजी की**

# खेल को कैरियर के रूप में चुना जाये तो युवाओं का भविष्य भी बनाता है: कविता

## कामयाबी तभी मिलेगी जब हम अनुशासन, होशलें और हार न मानने के मन से खेल का प्रशिक्षण लेंगे: कविता जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** पॉवर लिफ्टिंग ऐसा खेल है जो हमे स्वस्थ रखता है, आत्मरक्षा का विश्वास पैदा करता है, खेल को कैरियर के रूप में चुना जाये तो युवाओं का भविष्य भी बनाता है। कामयाबी तभी मिलेगी जब हम अनुशासन, होशलें और हार न मानने के मन से खेल का प्रशिक्षण लेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने मेटल हेल्थ क्लब सोनीपत द्वारा भगवान महावीर इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग, फाजिलपुर के आडिटोरियम में 26, 27, 28 अप्रैल को युवाओं की पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर्स केटेगरी में पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में 750 से ज्यादा लड़के एवं लड़कियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को कविता जैन ने पुरस्कार वितरित





किया। चैंपियनशिप में महिलाओं में 47 किलो भार वर्ग में कोमल, 57 किलो भार वर्ग में सुमन, 63 किलो भार वर्ग में कृष्णा, 69 किलो भार वर्ग में काजल प्रथम स्थान पर रही। प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग के उपाध्यक्ष नीरज आंतिल एवं सोनीपत पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सरदाना (प्रदेश गोल्ड मेडलिस्ट) ने बताया कि एसोसिएशन के माध्यम से खिलाड़ी प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हासिल कर रहे हैं। कविता जैन ने पुरस्कार वितरित करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को शुरूआत दौर से पहचानने के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की है, उससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खेल में विजेताओं की पुरस्कार राशि बढ़ाकर खेलों के प्रति आकर्षण पैदा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ियों ने विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर हरियाणा पॉवर लिफि्टंग के महासचिव गोपाल कृष्ण, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक अंतिल, कोच राजू शर्मा, झज्झर से ज़िला सचिव राजेश, गुरुग्राम ज़िला सचिव नरेश, नेशनल चैंपियन गौरव आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष रवि के ससुर के निधन पर व्यक्त किया शोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा स्वर्गीय पृथ्वी सिंह तुर्क के आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने स्वर्गीय पृथ्वी सिंह तुर्क के बेटे विद्या भारती के क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं हम फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय चौधरी, दामाद भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान सहित अन्य परिजनों के साथ दुख साझा किया और परमपिता

**दुख में साथ**

**8 परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें**

परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की है।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे गहरी वेदना हुई है। एक पिता का निधन किसी भी व्यक्ति के जीवन में ऐसी शून्यता लाता है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। परिवार पर जो दुख की घड़ी इस समय आई है परमात्मा इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। पिता का साया एक पेड़ की तरह होता है, जिसकी छांव में पूरा परिवार रहता है। जब छांव प्रदान करने वाला यह पेड़ अपनी अंतिम यात्रा पर निकला जाता है, तो परिवार के लोगों को इनके जाने से काफी क्षति होती है। इसलिए परम पिता परमात्मा इस दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिवार के लोगों को दुःख सहन करने की शक्ति दे।

# प्रार्थना सभा में पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी को जन्मोत्सव पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**याद किया**

**8 डॉ राधा रमन द्वारा सही उत्तर देने वालों वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप पेन भेंट कर प्रोत्साहित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** स्थानीय मुरलीधर डीएवी सीनियर सेकंडरी विद्यालय में प्रातः की प्रार्थना सभा में पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी को उनके जन्मोत्सव पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा के आयोजन में उनके जीवन पर खुला मंच प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने इस प्रश्नोत्तरी में बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राधा रमन सूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी स्वामी दयानंद के अनन्य शिष्य रहे हैं। जिन्होंने अल्प आयु में ही आर्य समाज के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए असाधारण लेखन व प्रचार के कार्य किए हैं और उनके द्वारा रचित पुस्तकों को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया था। प्रतियोगिता की आयोजन से चार दिन पहले उनके जीवन चरित्र पर विद्यार्थियों को समस्त जानकारी उपलब्ध करवाई गई जिसे व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सभी कक्षाओं में भेजा गया था।
प्रश्नोत्तरी का संचालन करते हुए एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना का क्विज को रोचक बनाने का प्रयास पूर्ण रूप से सफल रहा।
प्राचार्य डॉ राधा रमन द्वारा सही उत्तर देने वालों वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप पेन भेंट कर प्रोत्साहित किया गया।

# जीवन विषय पर ध्यान सत्र आयोजित

**हिसार:** साधकों के जीवन को सरस व उल्लासमय बनाने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को ओशो ध्यान उपवन में प्रभु को समर्पित हो जीवन विषय पर ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक आयोजित होने वाले इस ध्यान सत्र में सत्यम, शिवम व सुंदरम की विचारधारा को आत्मसात किया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि अपने आप को प्रभु के प्रति समर्पित करने वाला इंसान आशा-निराशा एवं खुशी-विषाद से ऊपर उठ जाता है। उन्होंने कहा कि सतगुरु ओशो ने भी साधकों को प्रभु के प्रति समर्पित होने का आह्वान किया है। संत ओशो ने अपने व्याख्यान में कहा है कि धर्म से तात्पर्य समर्पण से है। अपने आप को पूरी तरह परमात्मा के हाथों में छोड़ दो। संत ओशो ने कहा है कि ध्यान कोई क्रिया नहीं जो साधकों को करनी है।

# पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस आईआई एंड एच एस द्वारा पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता नशा मुक्ति शीर्षक के तहत करवाई गई । मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो रीटा दलाल ने प्रतिभागियों की गतिविधियों को सराहा और नशा मुक्ति अभियान जारी रखने के लिए प्रेरित किया ! यूथ रेडक्रॉस आई आई एंड एच एस की काउंसलर प्रो निरुपमा भट्टी ने रेड क्रॉस के इतिहास एवं नियमित गतिविधियों की जानकारी दी । उन्होंने स्वास्थ्य, सेवा एवं भाईचारे के लिए युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए प्रेरित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम, मुस्कान द्वितीय व राधिका तृतीय रही । स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम, रुद्र व सुप्रीति द्वितीय एवं तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गीता विद्यालय में विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** :श्रीमद्भगवद्गीता व० माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड कुरुक्षेत्र ने दिनांक 27 अप्रैल, 2024 को विद्यार्थियों के बीच एक चित्र प्रतियोगिता व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य था प्लास्टिक के उपयोग से जुड़े समस्याओं और पृथ्वी के संरक्षण के बीच एक विवादित चुनौती को जागरूक करना।विद्यार्थियों ने अपनी कला और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए अद्भुत चित्रों को प्रस्तुत किया। उन्होंने प्लास्टिक के नकारात्मक प्रभावों को दर्शाते हुए पृथ्वी के संरक्षण की आवश्यकता को भी उजागर किया। चित्र प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न चित्रों के माध्यम से प्लास्टिक के अनिष्ट प्रभावों को उजागर किया, जैसे कि समुद्र में प्लास्टिक के कचरे का प्रकोप, प्राकृतिक जीवन पर प्लास्टिक के प्रभाव, और पृथ्वी की सुरक्षा के लिए हमें प्लास्टिक के प्रति जागरूकता। चित्र प्रतियोगिता विद्यार्थियों को चेतावनी देने और समाज को प्लास्टिक के प्रति सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इसके अलावा, यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के बीच नेचरलावर और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक रही। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्रों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि हमें अपनी पृथ्वी के संरक्षण करने की आवश्यकता है इन प्रतियोगिता से हमारा सर्वांगीण विकास होता है किसी भी प्रकार की प्रतियोगिता होने पर हमें उसमें प्रतिभागिता करनी चाहिए इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य भैया बहन व छात्र उपस्थित रहे।

### किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने दिल्ली में एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारम्भ किया

**नई दिल्ली।** भारतीय आभूषण उद्योग में अग्रणी नाम किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने कबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली में अपने विशेष शोरूम के उद्घाटन के साथ अपना रणनीतिक विस्तार जारी रखा है। यह किसना का दिल्ली में 5वां और पूरे भारत में 28वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। इस विस्तार के साथ, किसना देशभर में ग्राहकों को अद्वितीय शिल्प कौशल और कालातीत सुंदरता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करता है। शोरूम के भव्य शुभारंभ में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी डायरेक्टर, पराग शाह मौजूद थे। कबीर नगर, शाहदरा में फ्रेंचाइजी शोरूम का शुभारंभ किसना द्वारा अपने मार्केट का विस्तार और ग्राहकों पर केंद्रित विकास रणनीतियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। चहल-पहल भरे इस शहर में अपनी उपस्थिति के साथ, किसना का लक्ष्य यहाँ के लोगों को पसंद के आभूषण उपलब्ध कराना तथा प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी जगह को अधिक मजबूती प्रदान करना है हरी कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और एम.डी. श्री घनश्याम ढोलकिया ने अपने इस एक्सक्लूसिव ब्रांड शोरूम की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि "कबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली में हमारे विशेष शोरूम के उद्घाटन के साथ, हम नए अवसरों को भुनाने के लिए तैयार हैं, जिससे हमारी उपस्थिति और मजबूत होगी।"

### एल्विश यादव के अगुआई में केओ कोरिएन्स के चिराग नांगरू प्लेग्राऊंड सीझन 3 के विजेता

**नई दिल्ली:** सात रोमांचक सप्ताह के बाद, अमेजन मिनीटीवी का गेमिंग रियलिटी शो - प्लेग्राउंड सीजन 3 का अंततः समापन हुआ. इसे रस्क मीडिया के साथ मिलकर प्रस्तुत किया गया था. जिसमें 'पी1गुं' को, जो कि केओ क्रैकन्स टीम के है, उनको विजेता घोषित किया गया.
इसका नेतृत्व यूट्यूबर एल्विश यादव ने किया है. उन्हे अल्टीमेट गेमर के रूप में ताज पहनाया गया. यह अनूठा रियलिटी शो भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 16 माइक्रो-इन्फ्लुएंसर्स को विभिन्न चुनौतियों और खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाया गया. ये सभी लाइव स्ट्रीम किए गए थे. गेमिंग और मनोरंजन जगत के चार सबसे बड़े नामों, कैरी मिनाती, उज्जवल चौरसिया उर्फ टेक्नो गेमर्स, नमन माथुर उर्फ मोर्टल, फुकरा इन्सान उर्फ अभिषेक मल्हान, और एल्विश यादव के मार्गदर्शन में, प्लेग्राउंड सीजन 3 ने मनोरंजन की सभी चीजों के लिए अंतिम गंतव्य के रूप में उभरा।

# 'मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त संसाधनों की करें व्यवस्था'

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान हीटवेव के प्रभाव को देखते हुए जिले के सभी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारियों/प्रेजाइडिंग अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ-साथ जहां पर वोटर क्यू में खडे होंगे, वहां पर मतदाताओं को सीधी धूप से बचाने के लिए पर्याप्त छाया, बैठने और पंखों की व्यवस्था की जाए।
जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों जैसे कमजोर मतदाताओं को विशेष सहायता दी जानी चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार दिव्यांग (जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग) और वरिष्ठ नागरिकों, जिनकी आयु 85 वर्ष से अधिक है उन्हें घर से

**आदेश**

**8 स्वच्छ पानी व लाइन में लगे मतदाता पर होनी चाहिए छाया, सभी एआरओ व प्रैजाइडिंग अधिकारी बूथों पर सभी प्रबंधों का पहले से ही कर ले आकलन**

ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अलावा, सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित की जाए। मतदान केंद्र के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उचित प्रतिक्रिया, प्रक्रियाओं की जानकारी भी शामिल होनी चाहिए। इसके अलावा हीटवेव के लिए अतिरिक्त संसाधनों और स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ भी अधिकारी समन्वय रखे।

# जिला पुलिस की महिला टीम ने कन्या स्कूल में छात्राओं को किया जागरूक

## इसका उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस द्वारा महिलाओ विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में पुलिस की टीमो द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।शनिवार को महिला निरीक्षक सीमा गौतम की टीम ने शहर थानेसर के महंत प्रभातपुरी कन्या स्कूल व तुलसी दास मैमोरियल स्कूल में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधो के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम



ने लड़कियों को सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया । लड़कियों को सम्बोधित करते हुए निरीक्षक सीमा गौतम ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। निरीक्षक ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है । सूचना पर पुलिस तुरन्त करवाई करेगी। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सकें। पुलिस टीम ने छात्राओं को सडक सुरक्षा तथा साईबर अपराधो बारे भी जागरूक किया । इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से परिचित करा शपथ ग्रहण करवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुड़ी कुमार के आदेश से हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही। इसके साथ ही नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र से साइकिल पर नशे के विरुद्ध सन्देश लेकर लोगों को जागरूक करते हुए निकले। उन्होंने न केवल नशे से दूर



रहने का सन्देश दिया अपितु पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल की सवारी को अपनाने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचने और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का सन्देश देते हुए कहा नशा दो प्रकार का है। एक प्रतिबंधित और दूसरा खुला।

**जागरूक किया**

**8 यद्यपि दोनों नशे मनुष्य के लिए घातक है तथापि प्रतिबंधित नशा मनुष्य के जीवन में नाश के द्वार खोल देता है**

यद्यपि दोनों नशे मनुष्य के लिए घातक है तथापि प्रतिबंधित नशा मनुष्य के जीवन में नाश के द्वार खोल देता है। नशे के कारण व्यक्ति विशेष, समाज और राष्ट्र इसका भयंकर परिणाम भुगतता है। उन्होंने बताया कि केवल तम्बाकू उत्पाद से भारत में प्रति दिन 3699 लोगों की मृत्यु हो रही है। ये आंकड़े वे हैं जो प्रदर्शित हैं। प्रत्येक 4 सेकंड में एक ऐसे व्यक्ति की मृत्यु हो रही है जो कभी भी धूम्रपान नहीं करता लेकिन घर का कोई सदस्य धूम्रपान कर रहा है और उसका दंड अबोध बालक भुगत रहा है। उन्होंने प्रतिबंधित नशों पर व्याख्यान देते हुए कहा कि यह नशा हमारे युवाओं के लिए तीव्र विष की भाँती है। नशे के अनेक दुष्परिणाम गिनवाते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई कि वे जीवन में किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। विद्यालय के निकट दो दुकानदार तम्बाकू उत्पाद बेच रहे थे।
उन्हे चेतावनी देकर इस आधार पर छोड़ कि भविष्य में वे विद्यालय के 100 मीटर के क्षेत्र में कोई भी तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचेंगे।

# कुवि के आईआई एंड एचएस द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**परचम**

**8 आरती ने प्रथम स्थान, मुस्कान बीएससी आनर्स ने दूसरा स्थान तथा वीनू बीए प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया**

**टीम एक्शन इंमडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटड एंड ऑनर्स स्टडीज में फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा पहले सत्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा नशा मुक्ति व सामाजिक विषयों पर उत्कृष्ट पोस्टर बनाए।दूसरे सत्र में फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें डीन फैकल्टी ऑफ इंडिक स्टडीज तथा ललित कला विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राम विरंजन ने विद्यार्थियों को फाइन आर्ट्स विषय की आधारभूत जानकारी दी गई तथा लैंडस्केपिंग, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राईटिंग, रंगोली, स्कल्पचर, कैलीग्राफी, डूडल आर्ट, म्यूरल्स आदि विषयों पर गहनता से प्रकाश डाला। पोस्टर प्रतियोगिता में आरती बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान, मुस्कान बीएससी आनर्स ने दूसरा स्थान तथा वीनू बीए प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



## न्यूज फ्लैश

### जेईई (मेन) में आकाश करनाल के 24 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 98 व उससे अधिक परसेंटाइल

**करनाल।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने करनाल से अपने 24 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 98 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है।



उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में आयुष सिंह राणा ने 99.91 परसेंटाइल व एआईआर 1511 हासिल की। इसी क्रम में हिमांक सांवल ने 99.88, वैनी दुआ ने 99.70, पार्थ पाहवा ने 99.62 और आदिल खान ने 99.55 परसेंटाइल हासिल किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, परमेश्वर झा ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, ङ्घउनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है.

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने मानेसर हाफ मैराथॉन के चैम्पियन को शाईन 100 से किया सम्मानित



**सोनीपत ।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने होण्डा मानेसर हाफ मैराथॉन 2024- रन फॉर रोड सेफ्टी (21 किलोमीटर) के विजेता, रवि गुलिया को शाईन 100 से सम्मानित किया। यह घोषणा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एचएमएसआई की प्रतिबद्धता को दशार्ती है, साथ ही समाज कल्याण और ऐसी कंपनी बनने के प्रयासों पर रोशनी डालती है, जिसे समाज प्राथमिकता दे। एचएमएसआई के वरिष्ठ प्रबन्धन के नेतृत्व में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान विजेता को शाईन 100 की चाबी सौंपी गई, इस अवसर पर श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर- सेल्स एण्ड मार्केटिंग तथा श्री आशीष चौधरी, ऑपरेटिंग ऑफिसर- सेल्स भी मौजूद रहे।

### लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म होने से बढ़ते हुए तापमान के कारण लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है।

# पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश की छवि बदली : सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि आम लोगों के बीच एक ही भावना है कि वे एक बार फिर मोदी देश के प्रधानमंत्री बनें। पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश की छवि बदल दी है और उनके सकारात्मक प्रयासों ने भारत के लोगों का समर्थन अर्जित किया है। अबकी बार 400 पार का नारा पूरा होगा। लोग मोदी को पसंद कर रहे हैं। विकसित भारत, सक्षम भारत के लिए वे लोगों से अपील कर रही हैं कि नरेंद्र मोदी को वोट करें। पूरा देश मोदी के साथ है।



मोदी है तो मुमकिन है, को अपनी आंखों से देखा है। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी नरसी विलेज में सुमन श्योकांद, वजीरचंद कालोनी में एडवोकेट रीना संधू और मॉडल टाउन में प्रवीन चौधरी अंजू चौधरी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की।

सुमन सैनी ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता मनोहर लाल को एक बड़ी और रिकार्डतोड़ जीत दिलवाने का काम करेगी। करनाल के विधानसभा उप चुनाव में भी जनता नायब सिंह सैनी को भारी मतों से विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 में नरेंद्र मोदी जनता के आशीर्वाद से एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे और देश सेवा के कार्य करते रहेंगे।इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, रेखा आनंद, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, मीना चौहान रायसन, मंजू खैंची, सुनीता व रजनी सहित अन्य मौजूद रही।

## खेल नीति की बदौलत देश में खेलों का सिरमौर बना हरियाणा: सुमित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय क्रिकेट** खिलाड़ी सुमित नरवाल ने कहा कि सरकार की खेल नीति की बदौलत ही हरियाणा पूरे देश में खेलों का सिरमौर बन चुका है। सरकार की ओर से खेल तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के हित में काम किया है। आज हरियाणा के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

सुमित नरवाल ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में खेल सरकार ने प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढावा देने व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में विशेष कदम उठाए हैं। सरकार की नई खेल नीति के परिणाम स्वरूप प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर



बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश में पदक की तालिका में भी बढ़ोतरी कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। भाजपा सरकार ने महिला खिलाडियों को प्रोत्साहित करने का काम किया है। प्रदेश के खिलाडियों के लिए सभी सुविधाओं से लैस स्टेडियम बनाए जा रहे हैं।

## चुनाव में मतदान के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: सनातन धर्म** महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा स्वीप गतिविधियों के तहत चुनाव में मतदान का महत्व पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजिंदर सिंह एवं ए.डी.सी. सुश्री अपराजिता के मार्गदर्शन में हुआ। मंच का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ आरती नें ए.डी.सी. सुश्री अपराजिता के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सनातन धर्म महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत करवाए जा रहे विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों से अवगत करवाया। तत्पश्चात कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित कॉलेज की उपप्राचार्य डॉ अल्का शर्मा नें उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को वोट के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में



मताधिकार सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। जनसंपर्क अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों नें बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों नें विद्यार्थियों को चुनावों के दौरान विद्यार्थियों की अहम भूमिका के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहित बिंदलिश नें सभी का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों से अपील की।

## अनुमति के बिना न चलाएं संचालक विज्ञापन: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते। बिना अनुमति के चुनावी विज्ञापन का प्रसारण करने पर केबल ऑपरेटर के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मनोज कौशिक इस कमेटी के सदस्य सचिव हैं। जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को



डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निदेर्शों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रहेगी। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रैस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर, बैनर आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकता है। अगर नियमों का उलंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र पर संबंधित सक्षम अधिकारी की मोहर व हस्ताक्षर होंगे और साथ ही विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के तौर पर चलाना है। सभी केबल ऑपरेटरों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टीवी नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी है।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनैक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनैक्सचर बी फार्म में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी।

साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रिप्ट की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पंजीकृत राजनैतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी।

## 'प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित करने में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें नागरिक'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि निगम क्षेत्र की सम्पत्तियां शत प्रतिशत सत्यापित करने के लिए निगम कर्मी घर-घर जाकर लोगों की सम्पत्तियां स्व-प्रमाणित करने में जुटे हैं। प्रत्येक वार्ड में नगर निगम की टीमें इस कार्य को कर रही हैं। उन्होंने शहर वासियों से अपील करते कहा है कि नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाने के लिए निगम कर्मचारियों का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अब तक 25 हजार 890 प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सभी सम्पत्ति धारकों की सम्पत्ति का स्व-



प्रमाणित होना आवश्यक है और यह उन्हीं के हित में भी है। प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित होने के बाद केवल सम्पत्ति मालिक ही उस डाटा को देख सकता है, कोई ओर नहीं। क्योंकि ऐसा करने से आई.डी. लॉक हो जाती है। इस कारण कोई अन्य व्यक्ति न तो उस डाटा को देख पाएगा और न ही उसमें किसी प्रकार की छेडखानी कर सकता है। उन्होंने कहा कि सेल्फ सर्टिफिकेशन का कार्य नागरिकों की भागीदारी से ही पूर्ण होगा, इसलिए ज्यादा से ज्यादा नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करें। एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. को कैसे करें स्व-प्रमाणित- उन्होंने बताया कि नागरिक सबसे पहले एन.डी.सी.पोर्टल (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) साइट पर जाएं।

इसके बाद अगर किसी व्यक्ति ने साइट पर रजिस्ट्रेशन किया हुआ है तो ठीक, नहीं तो न्यू रजिस्ट्रेशन का बटन क्लिक कर उस पर अपना ब्यौरा दर्ज करें। इसके पश्चात अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से लॉगिन करें तथा सर्च फील्ड में जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सर्च करें। फिर प्रॉपर्टी का ब्यौरा पर क्लिक कर उसे चेक करें। प्रत्येक ब्यौरा के आगे येस व नो, दोनो विकल्प मिलेंगे। उसे ध्यान से पढ? के बाद, सारा डाटा ठीक दिखाई दे, तो उसे येस कर दें। सारी जानकारी को येस करने के बाद अंत में परिवार पहचान पत्र या आधार नम्बर डालकर सब्मिट करें, उसके पश्चात प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अगर प्रॉपर्टी आई.डी. डाटा में कोई त्रुटि हो, तो रजिस्ट्री व आधार कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेजों सहित नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केन्द्र (सी.एफ.सी.) में आकर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

## वोटर जागरूकता के तहत दिखाई डोक्यूमेंटरी



**मनीष कुमार**

**अम्बाला: आर्य गर्ल्ज कॉलेज,** अम्बाला छावनी के प्रांगण में राजनीतिक शास्त्र व स्वीप सैल के द्वारा वोटर जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को डोक्यूमेंटरी दिखाई गई और इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस डोक्यूमेंटरी में छात्राओं को मतदान के सही व आवश्यक उपयोग पर ज्ञान दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया और कहा कि वोट डालना उनकी जिम्मेदारी है जिसका उनको अच्छे से पालन करना चाहिए और वोट की नैतिक प्रतिबद्धता को समझना चाहिए। मतदान प्रत्येक नागरिक का कितनी अधिकार है। हम सभी को वोट डालकर देश के प्रति अच्छे नागरिक होने का कर्त्तव्य पूर्ण करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को अपना वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत व कायम रखने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में इस वोटिंग अभियान के दौरान जितनी भी प्रतियोगिताएं करवाई गई उनमें प्रतिभागी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिग, डेक्लामेशन आदि प्रतियोगिता थी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अमनीत कौर, डॉ. रेखा, प्रो. गुरमीत, प्रो. सरस्वती व प्रो. आस्था के नेतृत्व में हुआ।

## बीबीए में निखिल और टीशा ने जीता मिस्टर व मिस पर्सनैलिटी अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**बीबीए अंतिम वर्ष** के छात्र-छात्राओं को जूनियर छात्र-छात्राओं ने विदाई पार्टी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पाइट कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में निखिल खरबंदा और टीशा ने मिस्टर व मिस पर्सनैलिटी का अवार्ड जीता। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक



डॉ.जेएस सैनी, विभाग अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग ने दीप प्रज्वलित करके किया। छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक भी किया। निखिल और नाम्या ने मिस्टर ईव व मिस ईव का खिताब जीता।

## कक्षा नर्सरी से यू. के.जी.'कलर-एक्टिविटी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा नर्सरी से यू. के.जी. 'कलर - एक्टिविटी ', कक्षा पहली से तीसरी कैलीग्राफी एक्टिविटी ( सुलेख गतिविधि), कक्षा छठी से आठवीं 'पेपर-ओरिगामी/फोल्डिंग एक्टिविटी' व कक्षा नौवीं से बारहवीं तक इंटर क्लास स्पैल- बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच संचालन हरजीत कौर की




देखरेख में एक्टिविटी कैप्टन लक्षिका, हेड बॉय तुषार व हेड गर्ल कृतिका द्वारा किया गया । समय नियंता खेल शिक्षक सुरेंद्र रहे ।बच्चों के दो दल बनाए गए डायनेमिक और अनस्टॉपेबल । प्रश्नोत्तरी चार चरणों में की गई। अंतिम चरण में पूछे गए प्रश्न बहुत ही मनोरंजक व ज्ञानवर्धक रहे। बच्चों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ इनके उत्तर दिए। डायनेमिक दल विजयी रहा। कैलीग्राफी एक्टिविटी के अंतर्गत बच्चों ने सुलेख हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में लिखें। वहीं पेपर ओरिगामी एक्टिविटी के अंतर्गत बच्चों ने सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाई जो देखने में काफी आकर्षक लगीं। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बच्चों की मेहनत व लग्न की खूब प्रशंसा की व विजेताओं को बधाई देकर पुरस्कृत किया अन्य विद्यार्थियों को भी यथारुचि प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# अब बार्डर बंद से त्राहिमाम कर रहा अम्बाला का व्यापारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अम्बाला शहर की** सभी मुख्य एसोसिएशनों द्वारा आज शहर के अम्बाला क्लब में एक प्रैस वार्ता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सरकार को अम्बाला के व्यापारियों की हो रही दुर्दशा से अवगत कराना व इसका समाधान करना रहा । व्यापारियों ने संयुक्त रूप से की इस वार्ता में बताया कि पिछले लगभग तीन महीनों से शंभू बार्डर बंद पड़ा है। पिछले 10 दिनों से रेलमार्ग अवरूद्ध होने से और अधिक दिक्कत हो गई है। बार्डर जिला व उत्तर भारत का प्रवेश द्वार होने के चलते यहां का व्यापारी पंजाब,



हिमाचल व जम्मू कश्मीर के ग्राहकों व व्यापारियों को फीड करता रहा है। अकेली कपड़ा मार्केट की बात करें तो एशिया की सबसे बड़ी कपड़ा मार्केट में शुमार इस मार्केट में एक एक व्यापारी के पास 500-700 वर्कर काम करते हैं व व्यापार 20% रह गया है जिसके चलते सैलरी देनी भी मुश्किल हो गई है। पहले कोरोना, फिर बाढ़ और अब बार्डर बंद से त्राहिमाम कर रहा अम्बाला का व्यापारी । यदि कुछ देर और ऐसे हालात रहे तो अम्बाला में व्यापार का हाशिये पर आना और बेरोजगारी बढ़ना लाजमी है। अम्बाला की ईलैक्ट्रिकल, सरार्फा, मिक्सी उद्योग, मनियारी मार्केट, ट्रांसपोर्ट उद्योग व एक दूसरे से जुड़ी अनेकों अन्य मार्केट इस बंदी की मार? झेल रही हैं।

इसके चलते व्यापारियों ने निर्वाचन आयोग व पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर इस बाबत समाधान की गुजारिश की है व सरकार से मीडिया के माध्यम से निवेदन किया कि वे जल्द से जल्द बार्डर को खोलें व अम्बाला को बबार्दी से बचाएं । इस बैठक में होलसेल क्लाथ मार्केट एसोसिएशन अम्बाला रजि से विशाल बत्रा, मोहन गोयल व साथी, अम्बाला ईलैक्ट्रिकल डीलर्स एसोसिएशन - राकेश अग्रवाल, राकेश मोहन व राकेश मक्कड़, सरार्फा एसोसिएशन अम्बाला शहर से नरेश अग्रवाल, होलसेल जनरल मर्चेंट डीलर एसोसिएशन से लक्की जुनेजा, कृष्ण गंभीर व साथी, अम्बाला सिटी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से प्रेम रत्न गौसाई व हर्ष सेठी व साथी, मिक्सी एसोसिएशन से मोहन लाल सैनी व साथी, होलसेल टैक्सटाइल मार्केट कालका चौंक से राजकुमार मनचंदा, मनोहर लाल सचदेवा व साथी, सुपर आदर्श मार्केट बस स्टैंड से शैंकी बवेजा व साथी, होलसेल टैक्सटाइल मार्केट अग्रसेन चौंक से हरीश चढ्डा व साथी

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 'रेड डे' गतिविधि का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

"**प्यार और मुस्कुराहट** का रंग हवा को ऊर्जा, जोश और उत्साह से रोशन कर देता है।" इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा के प्री-प्राइमरी विंग के बच्चों को रंगों के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दायरे से परिचित कराने के लिए को 'रेड डे' गतिविधि का आयोजन किया। लाल रंग ने हमारे नन्हे-मुन्नों को उज्ज्वल, जीवंत और प्रफुल्लित महसूस कराया। 'लाल' रंग उत्साह, जीवन और जीवंतता का प्रतीक है। दिन की शुरूआत हर जगह लाल रंग से हुई-



हर जगह लाल पोशाक, लाल गुलाब, लाल टेडी, लाल कार, लाल सेब, लाल चेरी, यहाँ एक लालङ्घङ्घङ्घ. वहाँ एक लाल... हर जगह लाल- लाल... हमारे छोटे बच्चों ने एक शानदार 'रेड डे' बिताया। बुलेटिन बोर्ड पर बच्चों द्वारा बनाई गई लाल शिल्पकला प्रदर्शित की गई।

## संपादकीय

# नशा से प्रभावित मताधिकार

**भारत में** स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है' वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा,विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है' वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊजार्वान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है।

# वोट डालते चलो ! बस वोट डालते चलो ! !

**राकेश अचल**

> "केंचुआ के आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों के लिए शुक्रवार शाम छह बजे तक 68.49 फीसदी मतदान हुआ। सात राज्यों में मतदान 70 फीसदी से अधिक रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 79.66 फीसदी मतदान हुआ। राजस्थान को छोड़कर हिंदी पट्टी में मतदान को लेकर उत्साह नजर नहीं आया। सरकार और सरकारी पार्टी को लगता है कि हमारा वोटर केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला का कहा बुरा मान गया। कम से कम राजपूत तो मान ही गए इसलिए उन्होंने या तो जानबूझकर भाजपाई होते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान नहीं किया ,या किया है तो भाजपा को सबक सिखाने के लिए किया है। राजपूत अपने जातियय अपमान को कदापि नहीं भूल पाए यद्यपि राजनाथ सिंह से लेकर योगी आदित्यनाथ तक ने कस-बल लगाय"

**लोकतंत्र** की सेहत के लिए जरूरी है कि मतदाता जागरूक हो । जागरूक मतदाता ही लोकतांत्र को हर संकट से बचाता है। सत्ता वोटर को नचाती है और वोटर सत्ता को। वोटर ने अतीत में नायकों,खलनायकों और तो बड़े -बड़े अधिनायकों को कत्थक कराया है। 2024 के आम चुनाव में भी भारतीय मतदाता जिस तर्ज पर मतदान कर रहा है उसे देखकर पता नहीं क्यों सत्तारूढ़ दल की नींद उड़ी हुई है। मतदान के पहले दो चरणों ने तो सत्तारूढदल को बहुत निराश किया है।

मुझे यद् है की 1965 में एक फिल्म आई थी हम सब उस्ताद है इस फिल्म के लिए हमारे उस्ताद असद भोपाली ने एक गीत लिखा था - हो प्यार बांटते चलो

**प्यार बांटते चलो**
**हे प्यार बांटते चलो**
**प्यार बांटते चलो**
**क्या हिन्दू क्या मुसलमान**
**हम सब हैं भाई भाई**
**आज मुझे लगता है कि असद भाई होते तो इस गीत को दोबारा लिखते और कहते**
**- वोट डालते चलो**
**वोट डालते चलो**
**हे वोट डालते चलो**
**वोट डालते चलो**
**क्या हिन्दू,क्या मुसलमान**
**हम सब हैं भाई -भाई**

दरअसल भारत का वोटर भारतीय होने के नाते वोट डालता है। लेकिन पहली बार हमारे पंत प्रधान ने वोटरों को हिन्दू - मुसलमान में विभक्त कर दिया। वोटरों में भक्तों अंधभक्तों की जमात अलग है । पंत प्रधान ने वोटरों को डराया,मुसलमानों का भय दिखाया ,कहा वे सत्ता में आये तो मंगलसूत्र लूट लेंगे। आपकी विरासत उन मुसलमानों में बाँट देंगे जो ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। वोटर पंत प्रधान के इस आव्हान से भ्रमित हो गए और इसका असर पहले और दूसरे चरण के मतदान पर साफ दिखाई दे रहा है। अपेक्षित मतदान न होने से मोशा जोड़ी की नींद उड़ गयी है। मोशा जोड़ी चाहती थी कि भारत में भी रूस की तर्ज पर कम से कम 87 फीसदी मतदान तो होता ताकि मोदी जी को पुतिन जैसा जन समर्थन मिलने का डंका बजाया जा सकता। हम लोग सनातनी हैं इसलिए धार्मिक ग्रंथों में हमारी अटूट आस्था है। राम चरित मानस की चौपाइयां तो हमारे लिए सूत्रों /मंत्रों के सदृश्य है। मानस में



कहा गया है कि - होइहै वो ही जो राम रची रखा। को कह तर्क बढ़ावहि साखा।। इसलिए मतदान के प्रतिशत को लेकर हम कोई तर्क/वितर्क करना ही नहीं चाहते। सत्तारूढ़ दल कम मतदान से चिंतित है तो हमारी बला से। हम तो सिर्फ इतना जानता हैं कि वोटरों को हिन्दू-मुसलमान बने बिना अपने वोट का इस्तेमाल करना चाहिए। यही राजधर्म है । यही राष्ट्रप्रेम है। इसी से सद्गति भी मिलती है । इसी से अच्छे दिन आते-जाते रहते हैं।

केंचुआ के आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों के लिए शुक्रवार शाम छह बजे तक 68.49 फीसदी मतदान हुआ। सात राज्यों में मतदान 70 फीसदी से अधिक रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 79.66 फीसदी मतदान हुआ। राजस्थान को छोड़कर हिंदी पट्टी में मतदान को लेकर उत्साह नजर नहीं आया।

सरकार और सरकारी पार्टी को लगता है कि हमारा वोटर केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला का कहा बुरा मान गया। कम से कम राजपूत तो मान ही गए इसलिए उन्होंने या तो जानबूझकर भाजपाई होते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान नहीं किया ,या किया है तो भाजपा को सबक सिखाने के लिए किया है। राजपूत अपने जातियय अपमान को कदापि नहीं भूल पाए यद्यपि राजनाथ सिंह से लेकर योगी आदित्यनाथ तक ने कस -बल लगाया।

मोशा के लिए भाजपा को और माननीय नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए सबसे ज्यादा उम्मीद उत्तरप्रदेश के मतदाताओं से है किन्तु दूसरे चरण के मतदान में उत्तरप्रदेश के मतदाताओं ने ही सबसे ज्यादा गैर जिम्मेदारी से मतदान किया। आंकड़ों पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर 54.85 फीसदी मतदान हुआ। अमरोहा में सबसे अधिक 64.02 फीसदी व मथुरा में सबसे कम 49.29 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, बुलंदशहर में 55.79, मेरठ में 58.70, बागपत में 55.93, गौतमबुद्धनगर में 53.21, गाजियाबाद में 49.65 और अलीगढ़ में 56.62 फीसदी वोटिंग हुई। अब मथुरा से तो स्वपन सुंदरी हेमा मालिनी जी चुनाव लड़ रहीं है। यदि उनके प्रति भी मतदाता का आकर्षण कम हुआ है तो फिर दूसरों के बारे में कहा ही क्या जा सकता है।

अब हेमा जी भी क्या क्या करे । अपने मतदाताओं का ख्याल रखें या बिजली के पंखों और आरओ के विज्ञापन करें ? लोकतंत्र में चुनाव कि एक-दो नहीं पूरी सात भाँवरें डाली जाती है। अभी तो केवल दो भाँवरें पड़ीं हैं और मोशा की जोड़ी को दिन में तारे नजर आ रहे हैं। मुमकिन है कि राहुल गाँधी और उनकी टीम के साथ भी ऐसा ही हो रहा हो किन्तु वे अपने माथे पर शिकन नहीं पड़ने दे रहे। उन्हें सत्ता में आने की फिक्र है न कि भाजपा की तरह सत्ता से बाहर जाने की। सत्ता का स्वाद चख चुके भाजपा के मनीषी नेता अब बिना सत्ता के रह नहीं सकते। मुमकिन है कि सत्ता के बिना उन्हें पक्षाघात हो जाये । दिल का दौरा पड़ जाय। रक्तचाप ऊपर-नीचे हो जाये। दुसरे चरण के बाद सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने हर सूबे में जाकर आपात बैठकें की है। शायद वे पछता रहे हैं कि उन्होंने कांग्रेस से बहुत कुछ सीखा लेकिन आपातकाल लगना क्यों नहीं सीखा ? उनकी चिंता को समझा जा सकता है। समझा जाना चाहिये । आखिर भाजपा वाले मुसलमानों की तरह कोई बाहरी व्यक्ति तो हैं नहीं !

हम इस बात के सख्त खिलाफ हैं कि देश के मतदाताओं को हिन्दू या मुसलमान में बांटा जाये। हमें ये भी अच्छा नहीं लगता कि देश का मतदाता भक्तों और अंधभक्तों की तरह पहचाना जाये। जैसे सत्ता परम स्वतंत्र होती है वैसे ही मतदाता को भी परम स्वतंत्र होना चाहिये । कम से कम मतदान के दिन तो ऐसा होना ही चाहिए। परम स्वतंत्र मतदाता ही सही फैसला कर सकता है । ऐसे परम स्वतंत्र मतदाता को डराया -धमकाया नहीं जा सकता। न हिन्दू को मुस्सलमान से और न मुसलमान को हिन्दू से। सदियों से वे साथ-साथ रहते आये है। वे भाजपा के जन्म से पहले भी हिलमिलकर रहते थे और भाजपा के बाद भी हिल-मिलकर ही रहने वाले हैं। न भाजपा उन्हें देश निकाला दे सकती है और न कांग्रेस। किसी ने किसी का मंगलसूत्र कभी नहीं छीना। अभी तक तो किसी कि विरासत पर कोई टैक्स लगा और न आगे लगेगा। दरअसल भाजपा सैम अंकल की एक बात को लेकर उड़ पड़े। जबकि सेम अंकल ने सिर्फ एक बात प्रसंगवश विमर्श के लिए जनता के सामने रखी थी। मतदान के तीसरे से लेकर सातवें चरण तक मतदाताओं को एक ही बात रखना चाहिए कि ये चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हो रहा है।

ये चुनाव हिन्दू-मुसलमान के लिए नहीं बल्कि एक नए हिन्दुस्तान के लिए हो रहें हैं ,जिसमें अदावत न हो ,घृणा न हो विद्वेष न हो। भाई-चारा हो। लेकिन ऐसा देश राजनितिक दल तो बनने नहीं दे सकते। ये काम तो केवल और केवल देश का मतदाता कर सकते हैं। इस समय देश के सामने जो चुनावी मुद्दे होना चाहिए थे,वे सिरे से नदारद हैं। उन्हें गोल कर दिया गया है। अब ये वोटर को देखना है कि कौन -क्या कर रहा है ? अभी बहुत वक्त है। बस वोट डालते चलो ,वोट डालते चलो। क्या हिन्दू ,क्या मुसलमान हम सब हैं भाई-भाई। हमारे बीच जो विभाजक रेखा खींचना चाहता है ,उसे पहचानों और उसे मोक्ष प्रदान करो।

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

**संजीव**

# क्यों श्रेष्ठ कॉलेज खोलें गांवों में स्कूल

**आर.के. सिन्हा**

**कभी विचार की**जिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने ( शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया ? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा । बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था।

एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है। दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दू? ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्लाय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फैक्ल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों।यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्षों में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश के कोने-कोने में खोले और सेवा भाव से चलायो सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डी०ए०वी०(पूरा नाम- दयानंद ऐंग्रो वेदिक स्कूल और कॉलेज समूह इस बात का उत्कृष्ठ उदाहारण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा ( यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा।

बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14 वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकान्त दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं। उनकी गिनती करना असंभव है।

## विचार

# विरासत कर कानून विवाद में बैकफुट पर कांग्रेस

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**कांग्रेस** में कई ऐसे नेता हैं जो चुनाव आते ही पार्टी के लिए सेल्फ गोल करना शुरू कर देते हैं। ये नेता हमेशा पार्टी को अपने बयानों से मुश्किल में फंसाने का काम करते हैं। ऐसे ही कई बार अमरीका में बसे सत्य नारायण गंगा राम पित्रोदा यानी सैम पित्रोदा भी करते आए हैं। वह कई संवेदनशील और राष्ट्रीय घटनाओं पर अनाप-शनाप बोलते रहे हैं। वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। जब भी केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बनी है, उसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मनमोहन सरकार में ही वह राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के अध्यक्ष थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सलाहकार थे। सैम पित्रोदा की विरासत कर कानून वाली टिप्पणी एक बड़े विवाद में बदल चुकी है। इस टिप्पणी ने लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया है।

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले एक टीवी इंटरव्यू में पित्रोदा ने मध्यम वर्ग पर एक ऐसा बयान दिया था, जिससे पार्टी सकते में आ गई थी। उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास को ज्यादा टैक्स देना चाहिए ताकि गरीब परिवारों के लिए न्यूनतम आय की गारंटी पूर हो सके और उन्हें "स्वार्थी" नहीं होना चाहिए। इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी पार्टी को सफाई देनी पड़ी कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वो मिडिल क्लास लोगों पर कोई अतिरिक्त करों का बोझ नहीं डालेगी। 2019 लोकसभा चुनावों के दौरान ही सिख दंगों पर एक बयान देकर भी पित्रोदा फंस गए थे। दरअसल, भाजपा ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए राजीव गांधी को मास्टरमाइंड कहा था। इसपर पूर्व प्रधानमंत्री के करीबी सहयोगी पित्रोदा ने कहा, अब क्या है 84 का? भाजपा ने 5 साल में क्या किया, उसकी बात करे। 84 हुआ तो हुआ, आपने क्या किया? पित्रोदा ने पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक का भी विरोध किया था। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस को तीखी आलोचना झेलनी पड़ी थी। सैम ने अमेरिका के 6 राज्यों में लागू इंहेरिटेंस टैक्स यानी विरासत कर का उल्लेख किया है कि अमेरिकी व्यक्ति की मौत के बाद उसकी संपत्ति का 45 फीसदी हिस्सा बच्चों, परिजनों को मिलता है। शेष 55 फीसदी सरकार ले लेती है। यह कानून एक निश्चित आय के वर्ग पर ही लागू होता है। अमेरिका के अलावा जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया आदि देशों में भी विरासत-कर की व्यवस्था है। वे देश जनता और समाज के प्रति व्यक्ति का दायित्व मानते हैं, लिहाजा उसकी संपत्ति में सामाजिक-सार्वजनिक हिस्सेदारी भी मानी जाती है। भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, लिहाजा सैम पित्रोदा का सुझाव था कि भारत में भी इस विषय पर बहस और चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा-एनडीए ने तुरंत इस मुद्दे को भी लपक लिया। प्रधानमंत्री ने यहां तक टिप्पणी की कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। निजी संपत्तियों को छीन कर उन्हें एक समुदाय विशेष में बांटने का मुद्दा बेहद उग्र हो रहा था, विरासत-कर पर भी बवंडर छिड़ गया है। अब चुनाव की दिशा और लहर ही बदल गई हैं। भारत में 1953 से 1985 तक एक कानून लागू था-एस्टेट ड्यूटी एक्ट। उसके तहत 20 लाख रुपए या अधिक की संपत्ति पर 85 फीसदी तक टैक्स देना पड़ता था। वह विरासत-कर का ही एक रूप था। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस कर को निरस्त किया, लेकिन कांग्रेस और भाजपा के वित्त मंत्री इस कर की पैरवी करते रहे। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2018 में कहा था कि विरासत-कर से विदेशों में अस्पतालों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों को वित्तीय अनुदान मिलते रहे हैं, लिहाजा इस कर पर विमर्श किया जाना चाहिए। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट के दौरान इंहेरिटेंस टैक्स का उल्लेख किया था। फिलहाल भारत में इस कर-व्यवस्था के प्रावधान नहीं हैं। किसी पार्टी के चुनाव घोषणा-पत्र में भी यह एजेंडा घोषित नहीं किया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के मंसूबों पर सवाल करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार आई, तो विरासत-कर लगाएगी। आपके मकान-दुकान, खेत, जमीन और धन, सब कुछ छीन लिया जाएगा। आपके बच्चों और परिजनों का पैतृक संपत्ति में हिस्सा आंशिक रह जाएगा। क्या आप ऐसा होने देंगे?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्या भारत में बंद हो जायेगा व्हाट्सऐप ?

**राजीव नन्दन मिश्र**

**हमसभी** व्हाट्सऐप से परिचित है। यह मेटा स्वामित्व वाली एक मैसेजिंग के साथ-साथ ऑडियो और वीडियो कॉलिंग के लिए एकदम मुफ़्त सेवा प्रदान करने वाला ऐप है। केवल इंटरनेट के सहारे इसका प्रयोग किया जा सकता है। व्हाट्सऐप का उपयोग 180 से अधिक देशों में किया जाता है। इसका इस्तेमाल 2 बिलियन से ज्यादा लोग अपने अलग-अलग कार्यों के लिए सूचना के आदान-प्रदान हेतु कर रहे है। यह दुनिया का सबसे फास्ट मैसेजिंग ऐप है। प्ले स्टोर से यह सबसे ज्यादा डाऊनलोड किया जाने वाले ऐप में चौथे नम्बर पर हैं। व्हाट्सऐप का सबसे बड़ा मार्किट भारत है। भारत मे करीब 50 करोड़ लोग व्हाट्सऐप का इस्तेमाल करते है। वर्ष 2009 में व्हाट्सऐप की शुरूआत एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के तौर पर हुई थी। इस ऐप को ब्रायन एक्टन और जेन कूम ने मिलकर लॉन्च किया था। दोनों याहू के पूर्व कर्मचारी है। दोनो ने याहू को सितंबर 2007 मे छोड़ दिया था और अमेरिका चले गए। 24 फरवरी 2009 को अमेरिका के कैलिफोर्निया में व्हाट्सऐप का अविष्कार किया। इस ऐप का विचार जान कूम के मन में आया, जो कीव (यूक्रेन, यूएसएसआर) में पले-बढ़े थे। कूम के माता-पिता टेलीफोन पर बातचीत करने से बचते थे क्योंकि कम्युनिस्ट अधिकारियों द्वारा उनकी जासूसी की जाती थी। कूम को इस घटना पर पूरा ध्यान था। वे चाहते थे कि ऐसा कुछ विशेष किया जाय जिससे मैसेज चैट के तौर जानकारी आदान-प्रदान हो एवं वह सुरक्षित हो तथा संग्रहित न हो। इस बात को उन्होंने अपने मित्रों से भी शेयर की और बहुत मेहनत भी किये। उनके मेहनत का ही फल है - व्हाट्सऐप। अन्य ऐप्स के विपरीत, व्हाट्सएप केवल रजिस्टर करने के लिए एक टेलीफोन नंबर मांगता है और उपयोगकताओं के बीच भेजे गए संदेशों को संग्रहीत नहीं करता है। इसमें धीरे-धीरे बदलते समय के साथ कई फीचर भी जोड़े गये हैं। वर्ष 2014 में फेसबुक ने 21 बिलियन डॉलर रुपये में इसको खरीद लिया। अब इसके मालिक मार्क जुकरबर्ग है। बीते साल ही हुए मेटा के एक कार्यक्रम में कंपनी के सी. ई.ओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा था - भारत एक ऐसा देश है, जो सबसे आगे है। आप इस मामले में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं कि लोगों और कारोबारों ने कैसे मैसेजिंग को अपनाया है। व्हाट्सऐप और भारत सरकार के बीच लम्बे समय से लड़ाई चल रही है।

# जीवन में रामत्व

**ऋचा सिंह**

**श्रीराम को सनातन धर्म में** विष्णु का अवतार माना गया है । लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजार्चन करते हैं । लेकीन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं । ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होने कठिन स्थितियों में भी मयार्दा के नूतन आयाम स्थापित किए । राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया । उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु समान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे । जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हे पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा । राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं । जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है,वही सर्वमान्य है ,वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव ,विवाह , हवन, कीर्तन, मांगलिक अयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है । ऐसे मयार्दा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं जो जन जन के हृदय में बसते हैं । देखें तो राम ही त्यौहार हैं ,उल्लास हैं उत्सव हैं ,भक्ती हैं ,शक्ति हैं ,पूजा हैं ,ज्ञान हैं ,प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं । राम केवल जन जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है । फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्त्तव्य निर्वहन हो । राम सिर्फ कहने में ही मयार्दा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं।

## न्यूज फ्लैश

### गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल की मेधावी छात्राओं को मिला स्टूडेंट एक्सीलेंस अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन** ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत स्टूडेंट एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल की छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा की मेधावी छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं नेशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा ने की। इस अवसर पर कक्षा छठी से शिवांगी, लक्ष्मी, रिया, कक्षा सातवीं से खुशी, जागृति, अन्नू, कक्षा आठवीं से लक्ष्मी, हिमांशी, गुंजन, कक्षा नौवीं से प्राची, कुमुद, हिमांशी एवं कक्षा ग्यारहवीं से पूर्ती, रिया, मनसीरत, शिवानी को स्टूडेंट्स एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को सच्चाई एवं ईमानदारी से अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा सच्चाई एवं ईमानदारी का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रिंसिपल मोहिंदर सिंह ने फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और कहा कि फाउंडेशन समय-समय पर स्कूल की जरूरतमंद छात्राओं की सहायता करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला निदेशक रविंद्र कुमार मदान एवं रमा तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### स्कूटी सवार युवकों ने ड्यूटी से लौट रहे कामगार का छीना मोबाइल

**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र में देर रात स्कूटी सवार युवकों ने ड्यूटी से घर लौट रहे प्रवासी कामगार का मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव बदनपुरा, बलिया, उत्तर प्रदेश, हाल बड़ी गांव निवासी गुड्डू ने बताया कि वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है। वह 26 अप्रैल की रात ड्यूटी करने के बाद बड़ी गांव जा रहा था। जब वह फैक्ट्री नंबर 60 के पास पहुंचा तो पीछे से एक स्कूटी उनके पास आकर रुकी। स्कूटी पर तीन युवक सवार थे। इस दौरान उन्होंने गुड्डू को मोबाइल फोन छीन लिया और उसे धक्का देकर फरार हो गए। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुड्डू की शिकायत पर स्कूटी सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### देवा अकेडमी पर स्कालरशिप टेस्ट के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**गन्नौर । रेलवे रोड** स्थित देवा अकेडमी गन्नौर पर शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने स्कालरशिप टेस्ट के विजेता 55 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पहला पुरस्कार कुश पुत्र दीपक, श्रेया पुत्री सुशील, रिया पुत्री नवीन, खुशी पुत्री संदीप व लक्ष्य पुत्र इंद्रेश को मिला। इसके अलावा 22 बच्चों ने दूसरा और 28 बच्चों ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्कालरशिप मिलने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। वीरेंद्र कादियान ने कहा कि परीक्षा का उद्देश्य योग्य एवं होनहार विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करना है। स्कालरशिप टेस्ट से छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा होता है और उन्हें अपनी क्षमताओं का पता भी चलता है। अकेडमी के निदेशक रोहित ने बताया कि देवा अकेडमी द्वारा बच्चों को प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। इसी कड़ी में हर साल स्कालरशिप टेस्ट आयोजित किया जाता है, जिसमें 8वीं से 12वीं कक्षा तक विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं।

# रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल : महीपाल ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। विकास एवं** पंचायत व सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा आज नीलोखेड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से नरेंद्र मोदी बनकर मनोहर लाल को करनाल लोकसभा से रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का संकल्प दिलवाया। नीलोखेड़ी के बजरंग सेवा दल में लोगों को सम्बोधित करते हुए महीपाल ढांडा ने कहा कि पिछली सरकारों में प्रदेश में नोकरिया बिकती थी, लेकिन भाजपा सरकार में काबिलियत के दम पर गरीब से गरीब परिवार के बच्चों को नोकरी मिली है। हमारी सरकार ने बिना पर्ची व बिना खर्ची के नोकरियां दी हैं, जिसका परिणाम ये है की आम नागरिक का भाजपा सरकार के प्रति उत्साह हर जगह पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने पिछले साढ़े 9 साल के कार्यकाल में किये विकास कार्यो के बारे में बताया और कहा कि भाजपा सरकार में चली योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है, हमने पारदर्शी सिस्टम के अनुसार कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का ही परिणाम है के आज बड़ी संख्या में अन्य पार्टियों से भाजपा में आने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। वे लोग बगैर कंडीशन के भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। महीपाल ढांडा ने कहा कि देश की जनता मोदी जी की गारंटी पर मोहर लगा रही है। सत्ता में आने से पहले ही विरोधियों द्वारा हमारे खिलाफ एक नैरेटिव चलाया गया कि कि हम किसान विरोधी हैं, जबकि इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में किसानों को किसी योजना का लाभ नहीं दिया। गरीबों को जो सुविधाएं मिलना चाहिए थी वह कड़े नियमों के कारण नहीं मिल पाई, इसलिए हमने उन तमाम बाधाओं को समाप्त करके एक लाख 80 हजार रुपए की लिमिट रख दी, ताकि सभी गरीब उसमें शामिल हो सके। करनाल लोकसभा के विशेष संपर्क प्रमुख और वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चन्द्र ने आज कहा कि अपनी सुनिश्चित हार से बौखलाए विपक्षी भ्रामक प्रचार पर उतर आए हैं। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में जिस तरह समूचा भारत वर्ष सुरक्षित है, ठीक उसी तरह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के अधिकारों पर भी कोई आँच नहीं आ सकती।

## स्वंय व अपनों के स्वास्थ्य के लिए पशुपालन जरूर करें: डा. हरप्रीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। रैड** रिबन युवा क्लब की ओर से विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र (लुवास) उचानी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा रत्न अवार्डी जोगिन्द्र रांवर ने पहुंचकर सीनियर सांइटिस्ट डॉ. हरप्रीत सिंह बराड, सांइटिस्ट डॉ. संदीप पोटिल्य, सांइटिस्ट डॉ. अंकित कुमार, सांइटिस्ट डॉ. बीआर महाराणा, वैटरनरी सर्जन डॉ. प्रदीप कुमार को स्मृत्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. हरप्रीत बराड ने पशुपालकों व आमजन से अपील करते हुए कहा कि स्वंय व अपनों के स्वास्थ्य के लिए पशुपालन जरूर करें। डॉ. संदीप पोटिल्य ने भी लोगो से अपील करते हुए कहा कि आज बदलते हुए परिवेश में लोगों को आज अच्छा दूध उपलब्ध नहीं हो पा राहा है। इसके लिए लोगो को चाहिए कि वे पशुपालन की ओर विशेष ध्यान दें और समय-समय पर सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों का भी भरपूर लाभ उठाएं। डॉ. अंकित कुमार ने कहा कि पशुओं के साथ दुर्व्यवहार न करें और पशुओं के आवास को वातानुकुलित रखें। डॉ. बीआर महाराणा ने कहा कि पशुओं के प्रति प्यार व संवेदना रखें और पशुओं के कल्याण के लिए कार्य करें। इस अवसर पर अमित कुमार वीएलडीए, विवेक कुमार वीएलडीए, परवीन बांगड, सेठपाल कश्यप, शिव कुमार, कृष्ण, आनन्द, राकेश कुमार, जयदीप, प्रतीक, गौरव, नवदीप, रिषि कुमार मौजूद रहे।

### पिपलीखेड़ा से अवैध शराब के साथ व्यक्ति दबोचा

**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** थाना पुलिस ने अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मधुसूधन मोहंतो रायगंज, पश्चिम बंगाल हाल गांव पिपली खेड़ा का रहने वाला है। जानकारी देते हुए बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम पिपली खेड़ा रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति परचून की दुकान के बाहर कट्टे में शराब रख कर उन्हें अवैध रूप से बेच रहा है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस ने मौके से आरोपित मधुसुधन को दबोच लिया। उसके पास से मिले कट्टों की तलाश की गई तो उनमें 12 बोतल देशी शराब, 19 अध्धे व 22 बोतल बियर बरामद की।

## लोकसभा चुनावों में अवैध शराब के प्रयोग पर रहेगी

**सोनीपत।**



**उपायुक्त डा. मनोज** कुमार ने स्पष्ट्द निर्देश दिए कि लोकसभा के आम चुनावों में अवैध शराब के मामले में जीरो टोलरेंस की नीति को जारी रखते हुए अवैध शराब पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अवैध शराब की रोकथाम को लेकर कोताही बरतता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोनीपत में अवैध शराब की तस्करी को सफलता के साथ नाकाम किया गया है, जिसके चलते बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी गई है। इन प्रयासों को लगातार जारी रखा जाएगा। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के दृष्टिद्गगत प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्तों समेत संबंधित विभागीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य सचिव ने शराब की अवैध तस्करी को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सभी दिशा-निदेर्शों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि सोनीपत जिला में अवैध शराब पर पूर्ण लगाम रहेगी। वीडियों कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने मौके पर ही कैंप कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए विस्तार से आवश्यक प्रबंधों को लेकर मंथन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि हर नाका पर एक्साईज व जीएसटी के एक अधिकारी की अलग से ड्यूटी लगाई गई है। अवैध शराब के मामले में चुनाव आयोग की हिदायतानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसलिए नाका टीमें तथा एसएसटी टीमें और संबंधित अधिकारी पूर्ण ईमानदारी व सजगता के साथ ड्यूटी करें। अवैध शराब की तस्करी के मामले में यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी की कोई भी कोताही मिली तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए अवैध शराब के प्रवाह को पूर्ण रूप


### आरपीएस के पूर्व छात्र विंग कमांडर हिमांशु गुप्ता ने सांझा किए अनुभव



**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल (आरपीएस) के पूर्व छात्र वर्तमान में विंग कमांडर हिमांशु गुप्ता का स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अभिनंदन किया। हिमांशु गुप्ता ने स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का शांत किया। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने हिमांशु गुप्ता का बुके भेंट कर स्वागत किया। विंग कमांडर हिमांशु गुप्ता ने कहा कि आज जो भी हम हैं वह स्कूल से मिली शिक्षा के कारण हैं। उन्होंने छात्रों को स्कूल के शिक्षकों से मिलने वाली शिक्षा व सुझावों को अपने जीवन में उतार कर अपना भविष्य संवारने की सलाह दी। इस दौरान छात्रों ने विंग कमांडर हिमांशु गुप्ता से 15 प्रश्न किए जिनका उन्होंने सकारात्मक तरीके से जवाब दिए। हिमांशु गुप्ता ने कहा कि उनके स्कूल में बिताए गए यह क्षण अविस्मरणीय रहेंगे और भविष्य में भी स्कूल में इसी प्रकार आते रहेंगे। प्राधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि रौनक पब्लिक स्कूल अपने सामाजिक दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन कर रहा है और आगे भी इसी प्रकार सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी देश को समर्पित करेगा।

## करनाल सीट से एनसीपी की टिकट पर चुनाव लड़ेंगे वीरेंद्र मराठा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी** के वरिष्ठ नेता मराठा वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पंवार करनाल लोकसभा से टिकट के लिए गठबंधन से मेरी पैरवी कर चुके थे। उन्होंने फार्म ए और बी मुझे दिया हुआ है और यह निर्देश दिए हुए हैं कि अगर इंडिया गठबंधन से आपको टिकट नहीं मिलता है तो आप एनसीपी की तरफ से प्रत्याशी बनना और लोकल पार्टियों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड ?ा। शरद पंवार भी आपकी मदद करेगा और अन्य लोकल दल भी। मराठा वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि हरियाणा में तो इंडिया गठबंधन एक तरह से टूट ही गया है, क्योंकि इंडिया गठबंधन ने उस फामूर्ले को कोई तरजीह ही नहीं दी, जिसमें यह तय हुआ था कि जिस पार्टी का वर्चस्व जिस स्टेट में है, वह लीड रोल में रहेगी। गठबंधन में पार्टी सबको एडजस्ट करके चलेगी। गठबंधन में यह क्राइट एरिया मानकर चलेगी कि जिताऊ उम्मीदवार कौन है? वैसे तो करनाल में सभी अपने अपने दावे कर रहे हैं, लेकिन लोगों के माध्यम से हमें पता चला है कि यहां पर हम जिताऊ कैंडिडेट है, लेकिन कांग्रेस ने ऐसे कैंडिडेट को करनाल लोकसभा का टिकट दे दिया, जिसके जीतने की उम्मीद थोड़ी सी भी नहीं है। इस हिसाब से इंडिया गठबंधन ने फामूर्ले को अपने आप ही तोड़ दिया है। दूसरे स्टेटों का तो कुछ कहा नहीं जा सकता कि वहां पर क्या स्थिति है, लेकिन करनाल में तो कांग्रेस ने भाजपा को प्लेट में परोस कर सीट दे दी है। मराठा वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि वह मन बना चुके है कि अब वे एनसीपी से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन आज की मीटिंग में सिर्फ चर्चा की गई है। रविवार को बड़ी मीटिंग बुलाई जाएगी, जिसमें फैसला लिया जाएगा कि चुनाव लड ?ा है या नहीं लडना है। रोड समाज का अच्छा खासा वोट बैंक है, लेकिन न तो बीजेपी ने टिकट दिया और न ही कांग्रेस ने टिकट दिया? इस पर वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि रोड समाज ने आज तक अपनी ताकत नहीं दिखाई है और बिखर-बिखर कर चल रहे हैं। इस बार समाज के लोगों को विश्वास जगा था कि हम एक होकर चलेंगे तो मुझे लगता है कि समाज उस निर्णय पर कायम रहेगा।

## तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी- पंडित मोहनलाल बडोली


**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः** कार्यालय में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से आए लोगों से भाजपा सोनीपत लोकसभा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने मुलाकात की। सभी ने मोहन लाल से वादा किया कि 25 मई को वोट देकर लोकसभा में भेजने का काम करेंगे। मोदी सरकार चुनेंगे। मोहन लाल ने सभी का दिल से आभार प्रकट किया। पंडित मोहनलाल बडोली ने खरखोदा विधानसभा के गांव लहराडा , गांव बैयांपुर में स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। इसके बाद गांव हरसाना महादेव शिवाला मंदिर पहुंचने पर गौशाला सेवादारो ने श्री राम जी की प्रतिमा भेंट की व पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में भाजपा की नीतियों से लोगों को अवगत कराया वोटो की अपील की और सभी को मोदी जी की राम-राम दी।

## करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा भगौड़ा घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**मामला गर्माया**

**8 हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में याचिका दायर हुई है, लेकिन उस पर आपत्तियां लगी हुई हैं**

**करनाल। करनाल लोकसभा सीट** से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को भगौड़ा घोषित किया गया है। उन पर वर्ष 2018 में पूर्व सीएम मनोहर लाल के खिलाफ बेरोजगारी को लेकर फ्लैक्स बोर्ड लगाने पर केस दर्ज हुआ था। बताया जा रहा है कि कोर्ट द्वारा मामले में पेश होने के लिए कई बार सम्मन जारी किए गए थे, लेकिन वह पेश नहीं हुए। जिसके चलते उन्हें पंचकूला कोर्ट ने पीओ घोषित किया। बीती देर रात ही दिव्यांशु बुद्धिराजा को करनाल से टिकट दिया गया है। पार्टी ने उन्हें भाजपा के प्रत्याशी पूर्व सीएम मनोहर लाल के सामने उतारा है। इस मामले पर बुद्धिराजा ने कहा कि सरकार हथकंडे अपना रही है। वह मेरे ऊपर 4 केस करवा चुके हैं। 8 साल से मैं खट्टर के साथ दो-दो हाथ कर रहा हूं। 174ए के ऊपर एफआइआर ही दर्ज नहीं हो सकती। इस बारे में जस्टिस मोहन लाल का फैसला है। उन्होंने कहा कि रात को टिकट अनाउंस होने के बाद सुबह 6 बजे मुझे पता चला कि मुझ पर केस दर्ज हुआ है। बेरोजगारी के खिलाफ हरियाणा के युवाओं के लिए फ्लैक्स बोर्ड लगाने के लिए मुझ पर केस दर्ज किया गया। हमने हाईकोर्ट में केस खारिज करने के लिए याचिका डाली हुई है। इसकी मेंशनिंग अलाउड हो गई है। खट्टर घबरा गए हैं, इस वजह से ये सब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं भगौड़ा नहीं हूं, मैं तो सार्वजनिक तौर पर घूम रहा हूं। इस केस से मेरे नॉमिनेशन और चुनाव लडने पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, मैं दो मुख्यमंत्रियों का घमंड भी चकनाचूर करूंगा। दिव्यांशु ने पंचकूला के गर्वनमेंट कॉलेज सेक्टर-1 में युवाओं से मिलने के लिए मनोहर लाल के काफिले में घुसकर नारेबाजी की थी, जिसके बाद केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। इसके बाद मनोहर लाल जवाब दो के पोस्टर पंचकूला में लगाए थे। उन्होंने युवाओं को नौकरी देने के संबंध में जब पोस्टर लगाए थे तो उन पर केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद केस कोर्ट में भेजा था। दिव्यांशु बुद्धिराजा के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर 3 जनवरी 2024 को पंचकूला सेक्टर 14 के पुलिस थाना में धारा 174ए के तहत मामला दर्ज किया गया। बुद्धिराजा के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की पुलिस में शिकायत दर्ज थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान वह पेश नहीं हुए थे। बुद्धिराजा अभी तक भगोड़ा ही हैं। पुलिस के रिकॉर्ड में लापता रिपोर्ट सब्मिट है। एडवोकेट प्रताप सिंह के माध्यम से दिव्यांशु ने मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है। हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में याचिका दायर हुई है, लेकिन उस पर आपत्तियां लगी हुई हैं। इन आपत्तियों को दूर करने के बाद ही सुनवाई संभव हो सकेगी।

## दूषित पेयजल सप्लाई होने पर लोगों ने विभाग के खिलाफ जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया**



**निरीक्षण**

**8 लोगों ने बादशाही रोड स्थित जल संग्रहण टैंकों का निरीक्षण कर उनकी सफाई व दवाईयां डलवाने की भी मांग की**

**गन्नौर। शहर** में दूषित पेयजल सप्लाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब शहर की किशनपुरा कालोनी में पिछले कई दिनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इससे लोगों को बीमार होने की परेशानी सता रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। किशनपुरा कालोनी के रोहतास मलिक ने बताया कि बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा दुषित पानी की सप्लाई की जा रही है। शनिवार को भी उनके घरों में दुषित पानी स्पलाई किया गया। सप्लाई किए गए पानी में में मिट्टी, कचरा काफी मात्रा साथ में आया है। कई बार तो पानी में कीड़े भी आते हैं। उन्होंने कहा कि घरों में सप्लाई हो रहे पानी में दुर्गन्ध भी आती है। इस पानी को नहाने-धोने के लिए भी काम में मुश्किल है, पेयजल के बंदोबस्त के लिए रोजना मशक्कत करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि यह समस्या काफी समय से बनी हुई है। जन प्रतिनिधियों ने कई बार जनस्वास्थ्य विभाग में शिकायत भी की है, लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो रहा है। विभाग के अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं।

दूषित पानी पीने से जलजनित बीमारियां होने का भय बना हुआ है। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग से शीघ्र स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही लोगों ने बादशाही रोड स्थित जल संग्रहण टैंकों का निरीक्षण कर उनकी सफाई व दवाईयां डलवाने की भी मांग की है, ताकि शहर के लोग बीमार होने से बच सकें।

**जनस्वास्थ्य विभाग से लेंगे जानकारी**

इस बारे में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि दूषित पानी की सप्लाई की शिकायत अभी तक उनके पास नहीं पहुंची है, लेकिन कहीं दूषित पानी की सप्लाई हो रही है तो

उसका प्राथमिकता से समाधान करवाना जनस्वास्थ्य विभाग की जिम्मदारी है। वह सोमवार को विभाग के अधिकारियों से इस बारे में जानकारी लेंगे और उन्हें समस्या का हल करने के आदेश देंगे।

## आभाश्री राम सोमन ने 48:10:210 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**



**गोहाना सोनीपतः सब जूनियर लड़कियों** में 30 किलोमीटर माश स्टार्ट इवेंट में महाराष्ट्र की आभाश्री राम सोमन ने 48:10:210 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया वहीं तमिलनाडु की की नीर निरामाठी ने 48:10:310 मिनटका समय लेकर रजत पदक हासिल किया वहीं हरियाणा की एंजेल राणा ने 48:10:385 मिनट का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। स्टार्ट इवेंट में केरला की दीविना जोए ने 01:10:15:826 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया तथा राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने 01 :10:16:021 मिनट का समय लेकर रजत पदक तथा कर्नाटक की पूजा महापति ने 1:10:16: 120 मिनट का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। इवेंट में राजस्थानकी पूजा लहगा न ने 1:36:18: 125 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक हरियाणाकी मीनाक्षी ने 01:36:20:826 मिनट का समय लेकर रजत तथा पंजाब की जसकीत कौर सेखों ने 1:44:20:260 मिनट का समयलेकर कंस कांस्य पदक हासिल किया जबकि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय साइकलिंग महासंघ के सहायक सचिव वीएन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

# 'जेल का जवाब वोट से' अभियान शुरू

## केजरीवाल को जेल भेजे जाने को साजिश बताते हुए से जनता से वोट देकर जवाब देने की अपील की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी (आआपा) का जेल का जवाब वोट से अभियान जारी है। इस कड़ी में शनिवार को पूर्वी दिल्ली से आआपा के प्रत्याशी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मी नगर में यह अभियान चलाया। हाथों में बैनर लिए आआपा कार्यकर्ताओं की टोली ने केजरीवाल को जेल भेजे जाने को साजिश बताते हुए से जनता से वोट देकर जवाब देने की अपील की। इस दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली में बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं को बस में सफर समेत कई मुफ्त सुविधाएं देने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल में डाल दिया है। दिल्ली की जनता इसे भाजपा का षड़यंत्र मानती है और 25 मई को जेल का जवाब वोट से देने का मन बना चुकी है। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने बताया कि हम लक्ष्मी नगर के फुटओवर ब्रिज पर इकट्ठा हुए और मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के विरोध में ह्यजेल का जवाब वोट से कैंपेन चलाया। दिल्ली के लोग अपने बेटे अरविंद केजरीवाल के लिए एक साथ खड़े हो गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लाखों बच्चों के लिए शानदार स्कूल बनाए, लोगों के लिए अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनाए। महिलाओं को फ्री बस यात्रा की सुविधा दी। दिल्लीवासियों के बिजली और पानी का बिल जीरो किया। महिलाओं को हर महीने हजार रुपये देने की घोषणा की। लेकिन केन्द्र सरकार के इशारे पर ईडी ने फर्जी मुकदमे में फंसाकर ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया।

## अमानतुल्लाह खान को मिली जमानत

### आप विधायक अमानतुल्लाह खान को मिली जमानत

**जमानत**

> 8 मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने अमानतुल्लाह खान को 15 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की ओर से जारी समन को नजरअंदाज करने के मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को जमानत दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने अमानतुल्लाह खान को 15 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी। सुनवाई के दौरान अमानतुल्लाह खान कोर्ट में पेश हुए। ईडी की शिकायत पर कोर्ट ने 9 अप्रैल को अमानतुल्लाह खान को पेश होने के लिए समन जारी किया था। दरअसल, ईडी ने याचिका दायर कर कहा है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए अमानतुल्लाह खान को मनी लांड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत समन जारी किया गया था लेकिन वो पेश नहीं हुए। ईडी ने कहा था कि अमानतुल्लाह खान जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके पहले 11 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी के मुताबिक अमानतुल्लाह खान ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है।

छापे के दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य ऐसे मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि वो मनी लांड्रिंग के अपराध में लिप्त हैं। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 01 मार्च को अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# रोहिणी: चार मंजिला इमारत में लगी आग, 2 को किया रेस्क्यू

**भीषण आग**

> 8 सूचना मिलने पर दमकल गाड़ियों के साथ फायर ब्रिगेड के दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-14 मिलनसार अपार्टमेंट में आज सुबह अचानक चार मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल गाड़ियों के साथ फायर ब्रिगेड के दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। दमकल कंट्रोल रूम को सुबह 6 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली। बताया गया कि मकान में आग लगी हुई है और कुछ लोग अंदर फस गए हैं। मौके पर फायर ऑफिसर एडीओ अजय शर्मा के साथ 25 फायर कर्मियों की टीम दमकल की पांच गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने देखा कि आग ऊपरी हिस्से में लगी हुई थी। उन्होंने सूझबूझ से काम लिया। एक टीम को आग बुझाने में लगाया और दूसरी टीम बालकनी से सीढ़ी लगाकर ऊपर फंसे 2 छात्रों को बाहर निकालकर बचाने में लग गए। बीच में सीढ़ी इधर उधर ना हो जाए, इसके लिए एक फायरकर्मी प्रकाश मीणा स्पाइडर मैन की तरह दूसरी तरफ से छज्जे के सहारे बीच में पहुंचा और सीढ़ी को पकड़कर रखा। इसके कारण फायर कर्मियों द्वारा दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इससे वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली, क्योंकि दोनों छात्रों की जान बच गई। दोनों का हाथ और पैर आग की चपेट में आकर झुलस गया था। उन्हें अंबेडकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। आग को लगभग 45 मिनट की मशक्कत के बाद बुझा लिया गया। मौके पर मौजूद फायर ऑफिसर एक शर्मा ने बताया कि चार मंजिल के इस मकान का ऊपरी दो फ्लैट डुप्लेक्स बना हुआ है। उन्होंने बताया कि आग ऊपर वाली मंजिल में लगी थी, जो फैलकर नीचे तक पहुंच गई। तीन स्टूडेंट उसमें सो रहे थे। पहले दो निकलकर भाग गए लेकिन तीसरा सोया हुआ रह गया।

# चार यार बैंड दे रहा प्रस्तुति, सूफी म्यूजिक का ले सकते हैं आनंद

**संगीत**

> 8 इस ग्रूप का नाम चार यार है, जो अपने ट्रेवलिंग संगीत को लेकर काफी मशहूर है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** संगीत एक ऐसी चीज है, जिसके बिना बड़े-बुजुर्ग से लेकर यंग जनरेशन भी नहीं रह सकती। किसी को पॉप सॉन्ग भाते हैं तो कोई सूफी संगीत सुन खुद को मदहोश कर लेता है। अगर आप भी सूफी गाने सुनने में दिलचस्पी रखते हैं तो ऐसा ही एक ग्रूप दिल्ली में आयोजित होने वाला है। इस ग्रूप का नाम चार यार है, जो अपने ट्रेवलिंग संगीत को लेकर काफी मशहूर है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी चार यार ग्रूप ने अपने सूफी संगीत से सबका दिल भर दिया था। इस बैंड ग्रुप ने 2016 में ग्रुप ने लंदन के द नेहरू सेंटर में भी अपना शो आयोजित किया। चार यार नाम बैंड 27 अप्रैल को जवाहर भवन में प्रस्तुति देने जा रहा है। यह जगह नई दिल्ली के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद रोड पर है। जवाहर भवन में 20 अप्रैल से 20 मई तक सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक प्रदर्शनी चल रही है। यह प्रदर्शनी सहमत यानी सफदर हाशमी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जा रही है।

# जॉब दिलाने के नाम पर ठगी, महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले रैकेट का पदार्फाश हुआ है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को भारत के अलग-अलग शहरों और नेपाल के पीड़ितों की तरफ से कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने की 53 शिकायत मिली थी। इन शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ईओडब्ल्यू ने रैकेट की मास्टरमाइंड एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। ये रैकेट अब तक 150 से ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना चुका है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों ने नौकरी लगाने के नाम पर करीब 4 से 5 करोड़ रुपये लोगों से ठगे हैं।



ईओडब्ल्यू के डीसीपी विक्रम के. पोरवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली, राजस्थान, उप्र, पंजाब, हरियाणा, तमिलनाडु समेत देश के अलग-अलग हिस्सों से 23 पीड़ितों की ओर से कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने की ज्वाइंट कंप्लेट मिली थी। इसके बाद 29 नेपाल मूल के पीड़ितों की भी एक ज्वाइंट शिकायत मिली।

**शिकायत**

> 8 पीड़ितों की तरफ से कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने की 53 शिकायत मिली थी

इसमें एक महिला की तरफ से धोखाधड़ी किए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। अब पुलिस ने उक्त अपराध कराने वाली महिला और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली है। महिला की पहचान दीपिका (बदला हुआ नाम) के रूप में की गई। उस पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों को फंसाकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं। इस धोखाधड़ी से करीब 4 से 5 करोड़ रुपये की ठगी करने का अनुमान लगाया गया है। धोखाधड़ी की शिकायतें मिलने के बाद मार्च, 2024 में ईओडब्ल्यू थाना, नई दिल्ली में आईपीसी की धारा 420/120 (बी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी। डीसीपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपितों को पकड़ने के लिए टेक्नीकल सर्विलांस से लेकर मुखबिरों को अलर्ट किया गया। मुखबिरों से सूचना मिली कि दिल्ली ऑफिस को बंद करने के बाद आरोपितों ने चंडीगढ़ में नया ऑफिस, नए नाम से खोला है और वहां पर ठगी का गोरखधंधा शुरू किया गया है। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया।

# रील बनाने के लिए स्टंट करने वाला युवक गिरफ्तार

**जब्त की**

> 8 युवक के खिलाफ आईपीसी और मोटर एक्ट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी बाइक भी जब्त कर ली है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की सबसे व्यस्ततम सड़कों में शुमार जीटी रोड पर रील बनाने के लिए स्टंट करने वाले 26 वर्षीय एक युवक को शास्त्री पार्क थाने की पुलिस ने शुक्रवार को न्यू उस्मानपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ आईपीसी और मोटर एक्ट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी बाइक भी जब्त कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपित का सोशल मीडिया अकाउंटस बंद करने के लिए कार्रवाई कर रही है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ जॉय टिर्की ने बताया कि कई दिनों से इंस्टाग्राम और एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। वीडियो में एक शख्स रील बनाने के लिए दूसरों की जान खतरे में डालकर जीटी रोड पर खतरनाक स्टंट कर रहा है। वीडियो देखने के बाद जिला पुलिस की सोशल मीडिया सेल ने उसकी सत्यता की पुष्टि की और फिर यह मामला शास्त्री पार्क थाना पुलिस को कार्रवाई के लिए सौंपा गया। शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने वीडियो में दिखाई दे रही बाइक के नंबर की मदद से रील बनाने वाले युवक की पहचान की और फिर उसे उसके घर जगजीत नगर, न्यू उस्मानपुर से गिरफ्तार कर लिया।

# डेढ़ हजार से ज्यादा सिख समुदाय के लोग भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के विस्तार मुख्यालय में शनिवार को 1500 से अधिक सिख समुदाय के लोग पार्टी में शामिल हुए। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने नए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जानते हैं कि हमारे सिख भाइयों ने किस तरीके से देश के लिए अपनी कुर्बानी दी, देश के लिए बलिदान हुए। देश पर जितने भी आक्रमण हुए, उन सबको मुंहतोड़ जवाब देने और विजय हासिल करने में सिख भाइयों का



बहुत बड़ा योगदान है। ऐसे सिख कौम के लोग भाजपा में शामिल हों, ये हमारे लिए गौरव और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिसके माध्यम से हम देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को आगे बढ़ा सकते हैं। इसमें बहुत बड़ा योगदान आपका है, आपके शामिल होने से हम यह काम और तीव्र गति से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि सिख कौम के लिए अगर सही मायने में किसी ने काम किया है, तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

# कुख्यात शराब तस्कर केपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**काबू किया**

> 8 गैंगस्टर छेनू पहलवान का फाइनेंसर भी है। पुलिस ने इसके पास से 43 पेटी अवैध शराब बरामद की है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी जिला पुलिस ने एक कुख्यात शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कमल किशोर उर्फ केपी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ दिल्ली व यूपी में तस्करी व गैंगस्टर एक्ट में 20 आपराधिक केस पहले से दर्ज हैं। यह कुख्यात गैंगस्टर छेनू पहलवान का फाइनेंसर भी है। पुलिस ने इसके पास से 43 पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस को आशंका यह भी थी कि केपी लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के कहने पर मतदाताओं को शराब बंटवा सकता है। जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि 12 अप्रैल को नारकोटिक्स टीम त्रिलोकपुरी में अशोक नाम के युवक को शराब तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह केपी के लिए काम करता है और उसी की शराब की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने नारकोटिक्स टीम के इंचार्ज अरुण कुमार नेतृत्व में एसआइ राहुल मोंगा, कांस्टेबल कौशल की टीम बनाई।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के 'सोढ़ी' की पुलिस ने शुरू की तलाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** तारक मेहता का उल्टा चश्मा नामक धारावाहिक में सोढ़ी का किरदार निभाने वाले गुरचरण सिंह सोमवार से लापता हैं। गुरचरण के पिता ने पालम थाने में उनके लापता होने की शिकायत दी है। गुरचरण के पिता का कहना है कि वह घर से मुंबई जाने के लिए निकले थे, लेकिन न ही वह मुंबई पहुंचे और न ही घर वापस आए। पालम थाना पुलिस को दी शिकायत में साधनगर के हरजीत सिंह ने कहा है कि उनका बेटा गुरचरण सिंह सोमवार सुबह मुंबई जाने के लिए घर से निकला था। उसे



आईजीआई एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान पकड़नी थी। वह न तो मुंबई पहुंचे और न ही घर लौटे हैं। उनका मोबाइल भी नहीं मिल रहा है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि इस मामले में जांच चल रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है कि वह कहां से लापता हुए थे। गुरचरण सिंह धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में रोशन सिंह सोढ़ी उर्फ सोढ़ी के किरदार में नजर आए थे।

# एनएसजी ने मॉक ड्रिल कर दिखाई आपात स्थिति से निपटने की क्षमता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने संभावित आतंकवादी खतरों के लिए अपनी तैयारियों को जांचने और आपातकालीन स्थिति से निपटने में अधिक महारत हासिल करने के उद्देश्य से शुक्रवार को संसद भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। साथ ही एक और माक ड्रिल दक्षिण पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम इलाके में आयोजित की गई। दिल्ली पुलिस ने बाहरी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। माक ड्रिल के दौरान एनएसजी के कमांडो ने अपने साहस और बहादुरी का परिचय दिया। यह मॉक ड्रिल उच्च सतर्कता स्तर बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि किसी भी वास्तविक आपात स्थिति पर प्रतिक्रिया तेज के साथ और प्रभावी तरीके से हो। एनएसजी ने संसद में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए दिखाया कि वह आपातकालीन स्थिति से कैसे निपटेगी। ड्रिल में एनएसजी कमांडो एक हेलीकाप्टर से संसद भवन की छत पर उतरे, जो इस मॉक ड्रिल का में महत्वपूर्ण हिस्सा था। इसमें हवा से इमारत पर जल्दी और सुरक्षित रूप से उतरने की कमांडो की क्षमता का परीक्षण किया गया। ड्रिल के दौरान हेलीकॉप्टर ने कमांडो को छत पर उतने के साथ ही क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण भी किया।

**महारत**

> 8 एक और माक ड्रिल दक्षिण पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम इलाके में आयोजित की गई।

# 18 करोड़ की ज्वैलरी चोरी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने ठक ठक गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिसमें से एक मुख्य आरोपित है। विकासपुरी के सनसनीखेज 18 करोड़ रूपए की ज्वैलरी की चोरी के मामले में इनकी पुलिस को काफी अरसे से तलाश थी। इनके पास से भारी मात्रा में ज्वैलरी बरामद की गई है, जिसकी कीमत एक करोड रुपए



बताई जा रही है। इसमें सोने और हीरे की ज्वैलरी शामिल है। गैंग का मास्टरमाइंड दीपक उर्फ आरडीएक्स है, जो पहले से ही 37 मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार लगभग डेढ़ साल पहले सितंबर, 2022 में हुई 18 करोड़ रुपए के आभूषणों की चोरी के मामले में इन लोगों की तलाश थी। डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि उक्त मामले में क्राइम ब्रांच की टीम भी काफी समय से लगी हुई थी।आखिरकार इन दोनों को पकड़ने में कामयाब हुई। एसीपी सुशील कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, एसआई श्याम बिहारी, मनोज कुमार की टीम ने इन दोनों को संगम विहार इलाके से दबोचा है।

**गिरफ्त में**

> 8 18 करोड़ रूपए की ज्वैलरी की चोरी के मामले में इनकी पुलिस को काफी अरसे से तलाश थी

# भाजपा ने लगाया शीश महल भ्रष्टाचार का अड्डा बोर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के कार्यकताओं ने विधानसभा के पास शीश महल भ्रष्टाचार का अड्डा (मुख्यमंत्री निवास) का बोर्ड लगाकर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, हाई कोर्ट ने शुक्रवार को टिपण्णी की है कि अरविंद केजरीवाल अपने स्वार्थ के लिए दिल्ली का नुकसान कर रहे हैं। केजरीवाल और उनकी सरकार को अदालत से कई बार फटकार लगी है, लेकिन उसका उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। दिल्ली के विनाश का सबसे बड़ा कारण मुख्यमंत्री निवास शीश महल है। इसे मुख्यमंत्री छोड़ना नहीं चाहते हैं। यह भ्रष्टाचार का अड्डा है। आबकारी घोटाला में जेल जाने के बाद भी केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं दे रहे हैं ।

# जिस सिरफिरे ने मारी लड़की की मां को गोली वह नाबालिग को लेकर भागा था विदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महेंद्रा पार्क थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम नाबालिग ने अपने साथियों के साथ एक किशोरी के घर में घुसकर उनकी मां की गोली मारकर हत्या कर दी। इससे पहले आरोपित ने किशोरी को अगवा भी किया था। स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को नेपाल से पकड़ लिया था, किशोरी को भी बरामद कर लिया था। पीड़ित परिवार का कहना है कि इसके बाद से ही आरोपित लगातार गोली मारने की धमकी देता रहा है। पुलिस से इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपित का पता लगा रही है। पुलिस आरोपित के नजदीकी व उनके स्वजन से पूछताछ कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से भी आरोपितों का पता लगाने में दिल्ली पुलिस की कई टीमें जुट गई है। महिला को जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया। उत्तरी-पश्चिमी जिला के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम महेंद्रा पार्क पुलिस को जहांगीरपुरी में एक महिला को गोली मारने की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने को पता चला कि पीड़ित महिला को घायल अवस्था में



जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि महिला को मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है।

**किशोरी को दो बार घर से भगा ले गया था :** क्राइम और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन की। छानबीन के दौरान पीड़ित परिवार ने पड़ोस में रहने वाले एक नाबालिग पर अपने साथियों के साथ घटना को अंजाम देने की बात कही। इस घटना को अंजाम देने से पहले वह किशोरी को दो बार घर से भगाकर ले गया था। स्वजन के मुताबिक शुक्रवार को आरोपित दो अन्य साथियों के साथ आया और मकान की पहली मंजिल पर जाकर किशोरी की मां को गोली मार दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपित नाबालिग हैं।

**जांच जारी**

> 8 स्वजन का आरोप है कि किशोरी जब भी ट्यूशन जाती, आरोपित नाबालिग का पीछा करता था

**ट्यूशन जाते समय आरोपित करता था पीछा :** स्वजन ने बताया कि मृतका की 14 साल की बेटी है। माता-पिता इसे पढ़ाना चाहते थे। स्वजन का आरोप है कि किशोरी जब भी ट्यूशन जाती, आरोपित नाबालिग का पीछा करता था। इसकी जानकारी मिलने के बाद माता या पिता खुद अपने साथ ट्यूशन लेकर जाते और लेकर आते थे।

# मोदी सरकार में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ाने का काम हुआ : सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने शनिवार को करनाल में आयोजित कार्यक्रमों व नुक्कड़ सभाओं में लोगों से भाजपा के करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को भारी मतों से जितवाने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में किए गए वादों व बीते 10 सालों में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को



विश्व गुरु बनाने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक का साथ जरूरी है। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी मॉडल टाउन में राजेश सेठी, मॉडल टाउन दयानंद कालोनी में गोवर्धन पेठा, बैंक कालोनी में निर्मल बहल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को भारी बहुमत से जिताएं। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस सरकार के शासन में देश को दोनों हाथों से लूटने का काम चल रहा था। जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने उसके बाद देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ। भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसा गया। घोटालेबाजों का पदार्फाश किया गया। घोटालों पर विराम लगाने का काम हुआ। सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न होते तो राम मंदिर न बनता। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भाजपा के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार साल 2020 से 80 करोड़ से ज्यादा परिवारों को फ्री राशन दे रही है। यह योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी। एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है, भविष्य में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें शिशुगृह की सुविधा होगी। आने वाले पांच साल नारी शक्ति की नई भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 साल से ऊपर के हर वृद्ध को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्हें पांच लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

# करनाल में 7 लाख 14 हजार 465 मीट्रिक टन गेहूं की आवक: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 14 हजार 465 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 14 हजार 465 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति



विभाग द्वारा 2 लाख 84 हजार 518 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 69 हजार 169 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 60 हजार 778 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 7 हजार 400 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आएं ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है।

**प्रबंध**

**8 खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है**

## न्यूज फ्लैश

### विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ लालचंद**
**नांगल चौधरी। दुर्गा शक्ति की पुलिस टीम** द्वारा नांगल चौधरी के गांव कमानियां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय



में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्गा शक्ति इंचार्ज निरीक्षक मीनाक्षी द्वारा स्कूल मे उपस्थित सभी छात्राओं को महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के विषय मे विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान टीम ने स्कूल के विद्यार्थियों को गुड टच व बैड टच के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया की गुड टच बैड टच क्या होता है, अगर कोई गलत नीयत से छूता है तो उसे तुरंत टोकना चाइए। ऐसे लोगों की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों से या फिर किसी ऐसे व्यक्ति को देनी चाहिए जिस पर आपको विश्वास हो। ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत आवाज उठानी चाहिए चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा अगर हम चुप रहेंगे तो ऐसे लोगों की हिम्मत बढ़ेगी और वह बड़े से बड़ा अपराध करने से भी नहीं डरेंगे। इसके साथ ही छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं महिला के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्राओं के लिए आजकल प्रशासन एवं शासन द्वारा काफी मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं, छात्राओं को जागरूक होकर अपने प्रति हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

### 11 गांवों की 16 घंटे रहीं बत्ती गुल, ग्रामीणों को उठानी पड़ी परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया/ दिनेश नौताना महेंद्रगढ़ । 33केवी पावर हाउस बवानियां** के लगभग एक दर्जन गांव की बिजली का ब्रेक डाउन होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिससे उपभोक्ताओं में



बिजली निगम के प्रति नाराजगी है। रात्रि में बिजली नहीं रहने से क्षेत्र के दर्जनों गांव में अंधेरा छाया रहा तथा लोगों को इस गर्मी के मौसम काफी परेशानी का सामना करना पड़ा । बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण रात्रि में लोगों की नींद हराम हो गई। इसके अलावा बिजली गुल होने से लोगों के इनवेटर-बैटरी आदि फेल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार 33 केवी पावर हाउस बवानियां में शुक्रवार की शाम मौसम खराब होने के चलते शाम बजे बिजली हो गई थी। शाम पांच बजे के बाद बिजली गुल हो गई, शनिवार की सुबह करीब 10 बजे के बाद लोगों को बिजली के दर्शन हुए। लगभग 16 घंटो के बाद बिजली ग्रामीणों तक पहुंच सकी। ग्रामीण अजीत, अशोक, राधेश्याम, रतिपाल, ईश्वर, बाबुलाल, रमेश, महासिंह, राजेंद्र, रविंद्र, अजय आदि ने बताया कि निगम को बिजली गुल होने की शिकायत अधिकारियों को देनी चाही, लेकिन अधिकारियों ने फोन उठाना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि हल्का सा मौसम खराब होते हीं बवानियां पावर हाउस से चलने वाले गांवों की बिजली ब्रेक डाउन हो जाती है। पहले भी काफी घंटों तक ब्रेकडाउन रह चुकी है।

इस समस्या को लेकर वह काफी बार बिजली निगम के अधिकारियों को शिकायत कर चुके है, लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं किया गया हैं। जिसके चलते आए दिन यह समस्या पैदा हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि बवानियां पावर हाउस के नीचे बवानिया, गागड़वास, बचीनी, चितलांग, हरनाथ की नांगल, खेड़ा, सुरजनवास, मेघनवास, बुचौली, डुलाना व देवास गांव आते हैं। इन गांवों व ढाणियों में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। लेकिन 16 घंटे तक बिजली गुल होने से विद्यार्थी, किसान, बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं को परेशानी झेलनी पड़ी।

# महिला को नौकरी दिलाने के नाम पर 7.60 लाख रुपये ऐंठे

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नांगल कलां की महिला ने डाक घर में क्लर्क की नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये की नकदी ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने दिल्ली पुलिस ने तैनात कर्मी व एक अन्य पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसने घर व आभूषण गिरवी रखकर मोटे ब्याज पर रुपये लेकर आरोपितों को दिए है। अब रुपये मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिससे वह आत्महत्या को मजबूर हो सकते है। महिला के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नांगल कलां निवासी राखी ने पुलिस आयुक्त को शिकायत दी थी कि उनसे झांसे में लेकर नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे रुपये ऐंठे गए हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि वह जरूरतमंद परिवार से हैं। वह तथा उनके पति फैक्टरी में नौकरी करते है। वर्ष 2021 में उनकी मुलाकात जनलक्ष्मी के नाम से लोन कंपनी में काम करने वाले सोनीपत निवासी विजय वर्मा से हुई थी। उसने उनकी मुलाकात दिल्ली पुलिस में कार्यरत मुरथल थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाले दिनेश से कराई। दिनेश ने बताया था कि उनकी पहचान दिल्ली डाकघर के बड़े अधिकारियों से है। उसने कहा था कि वह उसे डाकघर में क्लर्क की नौकरी दिलवा देगा। साथ ही किस्तों में रुपये देने की बात कही थी। उन्होंने अलग-अलग समय में दिनेश व विजय के खातों में नकदी डलवाई। उन्होंने कुल 7 लाख 60 हजार रुपये उन्हें दिए। जिसमें 2.10 लाख विजय को दिए थे। विजय ने बताया था कि उसने राशि दिनेश के खाते में डाल दी थी। उसने ट्रांजेक्शन भी दिखाई दी। उसके बाद भी नौकरी नहीं मिल सकी। बाद में उन्हें ही धमकी दी जाने लगी। वह दिनेश के घर गए तो उनकी पत्नी व पिता ने भी दोबारा घर नहीं आने की धमकी दी। जिस पर पुलिस को शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा से कराई गई।

**ठगों ने इस तरीके से करवाई खातों में राशि जमा-** महिला का आरोप है कि उन्होंने दिनेश के खाते में ऑनलाइन 28 अगस्त, 2021 को 50 हजार, 4 अक्तूबर, 2021 को एक लाख, 6 अक्तूबर, 2021 को एक लाख, 17 अक्तूबर, 2021 को 50 हजार, 18 अक्तूबर, 2021 को दो लाख रुपये डाले। वहीं विजय के खाते में 1 जुलाई, 2021 को 50 हजार, 2 जुलाई 2021 को 10 हजार, 24 सितंबर, 2021 को 10 हजार, 4 अक्तूबर, 2021 को 50 हजार, 5 अक्तूबर, 2021 को 40 हजार रुपये व 10 अक्तूबर 2021 को 50 हजार रुपये दिए थे। उनकी करीब दो साल तक दिनेश से कई बार बात हुई। वह अलग-अलग विभाग में नौकरी दिलवाने की बात करता रहा। जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास है।

# छात्रों के लिए शैक्षाणिक टूर का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालरमा (कुलदीप सिंह )**
**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय मनाना के छात्रों का शैक्षाणिक टूर सांझा नैचुरल फार्म नरायणा रोड पर गया जहां पर विधार्थियों को नैचुरल खेती के व वर्मीकम्पोस्ट बनाने के बारे में जानकारी दी गई व छात्रों को मधुमक्खी पालन से सम्बंधित जानकारी भी दी गई छात्रों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया इस मौके पर विरेन्द्र सिंह ने छात्रों को जैविक खेती व वर्मीकम्पोस्ट बनाने की जानकारी दी इस मौके पर प्रधानाचार्य सरिता देवी व अशोक कुमार सांइस अध्यापक मोजूद रहे।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में हुआ एलुमनी मीट का आयोजन

**महेंद्रगढ़**
**टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय में शनिवार को एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें हकेंवि में अध्ययन कर चुके पूर्व विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव उपस्थित रहे। आयोजन में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार व शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान की भी गरिमामयी उपस्थित रही। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि किसी भी संस्थान के विकास में एलुमनी की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण होती है। यह मंच अवसर है, फिर से विश्वविद्यालय के साथ जुड़ने और इसके साथ मिलकर काम करने का।



# एडु फन एक्स्ट्रा वेगेंजा कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**डीपीएस पानीपत सिटी में** प्री नर्सरी से पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए एडु फन एक्स्ट्रा वेगेंजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों के साथ ओपन इंटरेक्शन करना तथा आपसी मेलजोल करना था ताकि माता-पिता शिक्षकों और अन्य स्कूल कर्मचारी समुदाय को बेहतर तरीके से जान सके । अभिभावकों के विद्यालय आने पर उनका शानदार स्वागत हुआ । सर्वप्रथम इस कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों का मार्गदर्शन करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत




कॉस्मिक एंजाइजर्स के प्रतिनिधि डॉ अंकुर अग्रवाल और नित्या अग्रवाल ने उन्हें कुछ पेरेंटिंग टिप्स दिए । उन्होंने बच्चे की पढ़ाई में एकाग्रता, बौद्धिक शक्ति बढ़ाने तथा लिखावट में सुधार के तरीकों से अवगत करवाया। माता-पिता को अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु कुछ मजेदार खेल और गतिविधियों जैसे बीन्स इन द बेंगल्स, फ्रेमिंग मेमोरीज आदि का भी आयोजन किया गया । इन गतिविधियों मेंअभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । इस दिन को यादगार बनाने के लिए विद्यालय में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया । विजेता अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ' अभिभावकों का विद्यालय में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया गया ' डी पी एस पानीपत सिटी इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करके विद्यालय में माता-पिता को एक ऐसा वातावरण प्रदान करना चाहता है जहां वे जाने में सहज महसूस कर सकें तथा बिना संकोच के अपने बच्चों की परफॉर्मेंस के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें ।

# वोटर इन क्यू एप देगा जानकारी कितनी लंबी है मतदाताओं की लाईन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। निर्वाचन आयोग** द्वारा जारी की गई वोटर इन क्यू एप के माध्यम से चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी ली जा सकेगी। एप पर जानकारी लेकर मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकेंगे। ऐसे में इस एप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं। लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।

**करनाल सहित विभिन्न हलकों में की गई है वोटर्स-इन-क्यू एप की शुरूआत**

जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है। प्रारंभिक ट्रायल के रूप में अभी करनाल सहित गुरूग्राम, रोहतक, बहादुरगढ़, कैथल, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल, नूंह, पलवल, फरीदाबाद, बडखल, पंचकूला, अंबाला कैंट, अंबाला सिटी, यमुनानगर, थानेसर, पानीपत और सोनीपत विधानसभा क्षेत्रों में वोटर्स-इन-क्यू एप को शुरू किया गया है।

# स्वास्थ्य कैम्प मे छात्राओं की की गईं निशुल्क जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः शनिवार दिनांक 27 अप्रैल** 2024 को आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पार्क निदान अस्पताल द्वारा निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।



इसमें डॉक्टर गर्विता द्वारा छात्राओं एवं अध्यापिकाओं के स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किए गए और छात्राओं को स्त्री-रोग संबंधी समस्याओं के कारण व निवारण के बारे में बताया । डॉ अनूप के द्वारा बच्चों की नेत्र संबंधी बीमारियों की जांच की गई व मौके पर ही उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गई आहार विशेषज्ञ डॉ. आरती भी उपस्थित थी । उन्होंने बच्चों को संतुलित और पौष्टिक आहार संबंधी जानकारी दी । डॉक्टर अरुण व उनकी टीम के द्वारा बीपी, शुगर ,ऑक्सीजन , बुखार खांसी ,एलर्जी आदि परीक्षण किए गए और निःशुल्क दवाइयां वितरित की।

# सूक्ष्म व्यायाम करने से योग और प्राणायाम स्वतः ही हो जाता है : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। योग के प्रचार** एप्रसार के लिए योग गुरु दिनेश गुलाटी मेरा मिशन स्वस्थ भारत के साथ हर व्यक्ति तक योग को पहुंचने के लिए प्रयासरत हैं। योग की अलख को घर-घर तक पहुंचने की मुहिम जारी है। विभिन्न योग कक्षाएं शहर भर में लगाई जाती हैं, ताकि लोग निकटतम कक्षा में जाकर स्वास्थ्य लाभ ले सकें। फव्वॉरा पार्क में साधकों ने योग प्राणायाम का अभ्यास किया। कक्षा में दिनेश गुलाटी ने पहले सूक्ष्म व्यायाम करवाए और कहा कि यदि



शारीरिक और मानसिक सेहत को बेहतर बनाना है तो रोज योग करना होगा। तत्पश्चात आसनों तथा प्राणायाम का अभ्यास भी करवाया। दिनेश गुलाटी ने साधकों को बताया कि सूक्ष्म व्यायाम शरीर के अंदरूनी अव्वायों की संचालित करते हैं, इसलिए इन्हें सूक्ष्म व्यायाम कहा जाता है। योग में सूक्ष्म व्यायाम का अति महत्व है। सूक्ष्म व्यायाम करने से योग और प्राणायाम स्वतः ही हो जाता है। इससे शरीर के प्रत्येक अंग में लचीलापन आता है और जोड़ों को घूमने से शरीर में स्फूर्ति पैदा होती है।

# पीठासीन-सहायक पीठासीन अधिकारियों के समूह को दी गई ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** के मार्गदर्शन में लोकसभा और करनाल विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) की ट्रेनिंग निरंतर जारी है। लगातार पांचवे दिन शनिवार को भी स्थानीय डा. मंगलसेन सभागार में पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) के नौंवे और दसवें समूह को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी ने उपस्थित पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन



अधिकारियों (एपीओ) को चुनाव संबंधी हर पहलू पर विस्तृत जानकारी दी। विवेक चौधरी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने की जिम्मेवारी हमारे कंधों पर है। ऐसे में हमारी भूमिका पूर्णतः निष्पक्ष ही रहनी चाहिए। किसी भी राजनीतिक दल से हमारी नजदीकियां चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में हमें भारत निर्वाचन आयोग की प्रत्येक गाईडलाईन का पालन करते हुए चुनाव को निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाना है और इसके लिए हमारे द्वारा चुनावी प्रक्रिया की हर गतिविधि को पारदर्शी तरीके से अपनाना है। उन्होंने कहा कि चुनाव शुरू होने से पहले किया जाने वाला मॉक पोल चुनाव को पारदर्शी बनाने की सबसे अहम कसौटी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंटों के समक्ष अपनाई जाने वाली इस प्रक्रिया की अहमियत को बताते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को अपनाने से चुनाव करवाना बेहद सरल हो जाता है और ड्यूटी के दौरान चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार हमारे द्वारा अपनाए जा रहे हर प्रोसेस की विश्वसनीयता बढ़ती है। चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार मॉक पोल के दौरान 50 वोट डलवाना सुनिश्चित करें।

मॉक पोल के दौरान डाले गये वोट और वीवी पैट से निकलने वाली पर्चियों व कंट्रोल यूनिट में कुल वोट के मिलान होने पर पोलिंग एजेंट के हस्ताक्षर भी करवाएं तथा मॉक पोल का रिकार्ड सुरक्षित रखें। इसके उपरांत ईवीएम को क्लियर बटन दबाकर पुनः पोलिंग के लिए तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे चुनाव संबंधी हैंडबुक का भी अध्ययन जरूर करें, इससेचुनाव करवाने में आसानी होगी और ड्यूटी संबंधी हर विषय की विस्तृत जानकारी मिलेगी। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने मतदान खत्म होने पर ईवीएम तथा वीवीपैट को सील करने के तरीके की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई नेत्रहीन मतदाता ब्रेल लिपि पढने में सक्षम है तो उसे ब्रेल बैलेट पेपर उपलब्ध कराया जायेगा।

# कांग्रेस को देश और देश की जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/ कोसली (रेवाड़ी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि केंद्र सरकार गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के हितों की रक्षा करने वाली सरकार है और पिछले 10 सालों में केंद्र सरकार ने गरीबों के उत्थान, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के विकास और किसानों की खुशहाली के लिए काम किया है। ?सरकार ने गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ मकान बनाकर देने का काम किया, गरीबों को मुफ्त राशन, हर घर में नल और नल से जल, उज्ज्वला योजना में मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देकर उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने का काम किया है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सशक्त करने का काम किया है। आज एक करोड़ महिलाएं "लखपति दीदी" बन चुकी हैं। युवाओं को तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ाने का काम किया गया है

**रैली**

**8 मोदी सरकार गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के हितों की रक्षा करने वाली सरकार**

और किसानों की खुशहाली के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक लोकसभा क्षेत्र की कोसली विधानसभा में लोकसभा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा के समर्थन में "विजय संकल्प रैली" में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अब चुनाव का समय है। कांग्रेस के लोग झूठे वादे और झूठे नारे लेकर लोगों के बीच आएंगे और लोगों को इस बात को समझना होगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि कांग्रेस के झूठे वादे



और नारों को नकार दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश और देश की जनता की समस्या से कोई सरोकार कभी नहीं रहा है। आजादी के 65 साल बाद भी देश के 18000 गांव में अंधेरा था। जिन गांवों में बिजली ना हो, पानी न हो, शिक्षा ना हो और स्वास्थ्य सुविधा न हो, ऐसे गांव के लोगों के लिए आजादी का क्या महत्व है?

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद इन 18000 गांव में बिजली पहुंचाने के लिए "मिशन मोड" में कार्य किया।

मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री इस बात को मानते थे कि उनके कार्यकाल में वह एक रुपया भेजते हैं और नीचे 15 पैसे पहुंचते हैं। यह 85 पैसे रास्ते में कहां जाते थे किसी को नहीं पता। असल में यह 85 पैसे कांग्रेस नेताओं की जेब में जाते थे और लेकिन भाजपा सरकार में अब पूरी राशि देश के विकास पर खर्च हो रही है, जिससे सड़कों का निर्माण हो रहा है। रेलवे और एयर कनेक्टिविटी बढ़ रही है। एम्स बना रहे हैं, मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो रही है और आईआईटी बना रहे हैं तथा किसानों की जिंदगी को खुशहाल करने का काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार बनाया गया तो वह सबसे पहले रेवाड़ी में आए थे और उन्होंने यहां "वन रैंक वन पेंशन" का वायदा किया था। मोदी जी ने अपने वायदे को निभाते हुए इस योजना को लागू करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज एक भी जिला ऐसा नहीं है जहां से कोई हाईवे नहीं निकल रहा हो। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाना, राम मंदिर बनाना, सीएए लागू करना आदि सहित अनेक काम किए हैं, जो वास्तव में देश को मजबूत बनाती हैं। रोहतक लोकसभा के अंतर्गत आने वाले अहिरवाल के कोसली विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने कहा कि अहिरवाल के भाई देश की सुरक्षा में बॉर्डर पर खड़े रहते हैं। 2014 से पहले सीमा पर पत्थरबाजी होती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बनने के बाद आज सीमा पर न तो पत्थरबाजी होती है और ना ही कोई पत्थरबाज नजर आते हैं।

**अहीरवाल रेजिमेंट बनाएंगे : अरविंद शर्मा**

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा ने कोसली विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प रैली में बोलते हुए भविष्य में जल्दी ही अहीरवाल रेजीमेंट के गठन का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह व्यक्ति हैं,जो यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर सकते हैं और जिस प्रकार से पिछले कुछ समय में धारा 370 खत्म की गई है, आने वाले दिनों में हम देश में एक व्यक्ति-एक कानून के अंतर्गत यूनिफॉर्म सिविल कोड भी लागू करेंगे। उन्होंने कहा किया कि आने वाले समय में देश ओलंपिक खेलों की भी मेजबानी करेगा।

अरविंद शर्मा ने कहा कि कोसली के विधायक लक्ष्मण यादव ने अनेक मांग रखी है और उन्होंने मुख्यमंत्री से इस बारे में बात की है। डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 2005 से 2014 तक कांग्रेस के शासनकाल में जमकर घोटाले किए गए और 2014 से 2024 तक का समय देश में विकास कार्यों के लिए जाना जाता है।

**"सनातन" में है हर समस्या का समाधानः लक्ष्मण यादव**

कोसली से भाजपा विधायक डॉ लक्ष्मण यादव ने कहा कि आज वह लोग वोट मांगने का प्रयास कर रहे हैं जो सनातन धर्म को डेंगू, समस्या या रोग बताने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन कोई समस्या नहीं है बल्कि यहां हर समस्या का समाधान है उन्होंने कहा कि सनातन रोग नहीं है बल्कि योग है। विधायक ने कांग्रेस की दशा पर टिप्पणी करते हुए और कांग्रेस के झूठ को उजागर

## संक्षिप्त खबरें

### सीआईए स्टाफ जीन्द ने प्रतिबंधित दवाओं सहित एक आरोपी को किया काबू

**पुलिस** अधीक्षक जींद सुमित कुमार द्वारा नषें के खिलाफ चलाए विषेष अभियान के तहत उनके मार्गदर्षन में कार्य करते हुए सीआईए स्टाफ जीन्द ने इंचार्ज मनीष कुमार के कुशल नेतृप्व में प्रतिबंध दवाइयॉ बेचने वालों पर शिकंजा कसते हुए रेलवे स्टेशन जींद के पास से एक आरोपी को 864 प्रतिबंध कैप्सूल सहित पकड़ने में कामयाबी हासिल की है पकडे गए कैप्सूलों का वजन 648 ग्राम मिला।

पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक उर्फ दीपू वासी हकीकत नगर जींद के रूप में हुई है। सीआईए इंचार्ज मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए स्टाफ जीन्द की टीम अपराधों की रोकथाम व नषे पर अंकुष लगाने के लिए पटियाला चैक जींद पर मौजूद थी

तभी एएसआई सुरेद्र को गुप्त सूचना मिली कि दीपक उर्फ दीपू वासी हकीकत नगर जींद प्रतिबंधित नशीली दवाइयां दिल्ली से लाकर जींद में बेचने का काम करता है। जिस सूचना पर रैडिंग पार्टी तैयार करके रेलवे स्टेशन जीन्द से आने-जाने वाले व्यक्तियों की निगरानी की गई। जो कुछ समय के बाद जीन्द रेलवे स्टेशन की तरफ से मिली जानकारी के हुलिए का एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसके दाहिने हाथ में एक काले रंग का पॉलीथिन था। सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर वापिस रेलवे स्टेशन की तरफ जाने लगा तभी कुछ ही दूरी पर उसे काबू कर लिया। आरोपी के हाथ में लिए काले रंग के पोल्थिन को खोलकर चेक किया तो उसमें ल्ट८१ड्ढँ'ड्ड१ी ळ१ेंड्ढ' ल्ट८१ड्ढँ'ड्ड१ी अ्री३ेंल्लड्डस्त्रौल्ल उंस्त्र२४'ी२ के 108 पतें कुल 864 कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफतार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करके जिला जेल जीन्द में भेज दिया है।

### कुलदीप, कैप्टन, भव्य, छत्रपाल की दूरी व अनुभवी जेपी के आने से रणजीत सिंह फंसे हिसार में : चौहान



**हिसारः** भारतीय जनराज पार्टी के संयोजक रायसिंह चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि हिसार से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला को टिकट मिले एक माह का समय हो गया है, परंतु उनके तमाम प्रयासों के बावजूद उनका चुनाव अभी तक उठ नहीं पा रहा, एक ओर जहां गांव दर गांव किसान व अन्य मतदाता उनका विरोध कर रहे हैं और चौपालों पर उनसे सवाल- जवाब कर रहे हैं वहीं पार्टी के बड़े नेताओं ने भी उनके कार्यक्रमों से दूरी बनाई हुई है। 26 अप्रैल को रणजीत सिंह चौटाला नारनौंद के कई गांवों में गए, परंतु न तो कैप्टन अभिमन्यु उनके साथ थे और न ही नारनौंद में कैप्टन की टीम का कोई भी सदस्य उनके साथ था। इसी तरह पूर्व मंत्री छत्रपाल सिंह ने अभी तक उनके कार्यक्रमों से पूरी तरह से दूरी बनाई हुई है। इसी तरह 27 अप्रैल को आदमपुर के एक दर्जन से ज्यादा गांवों में रणजीत सिंह के कार्यक्रम हैं परंतु न तो कुलदीप बिश्नोई और न ही भव्य बिश्नोई उनके साथ गांवों में जा रहे हैं। कांग्रेस की ओर से मजबूत और अनुभवी प्रत्याशी जयप्रकाश के चुनाव मैदान में आ जाने से पहले से ही चुनाव प्रचार में पीछे चल रहे रणजीत सिंह चौटाला के लिए हिसार लोकसभा चुनाव की राहें और भी मुश्किल हो गई हैं ।

### फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए नौ श्रद्धालु, किया भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
धार्मिक नगरी वृंदावन में एक बार फिर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दूषित पेयजल और खाद्य पदार्थ सेवन करने से आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। जिन्हे सौ शैय्या अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश के जिला बैतूल के गांव तवा काठी से 18 श्रद्धालुओं का समूह रविवार की सुबह वृंदावन के गौशाला नगर स्थित नित्यानंद आश्रम पहुंचा। बुधवार की शाम श्रद्धालुओं ने नगर निगम चौराहे पर सड़क किनारे खड़ी ढकेलों से खरीदकर खाद्य पदार्थों का सेवन किया।

### लगभग 15 बोतल अवैध शराब के साथ एक आरोपी को किया काबू।

**सीआईए** जुलाना की टीम ने शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए फरमाना रोड पर जुलाना से छापामारी के दौरान लगभग 15 बोतल अवैध देसी शराब के साथ एक आरोपी को काबू किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पुष्पेंद्र वासी मालवी रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता जींद ने जानकारी देते बतलाया की हमारी टीम अपराधों की रोकथाम के लिए मालवी के नजदीक मौजूद थी कि उसी वक्त एएसआई संदीप को गुप्त सूचना मिली की पुष्पेंद्र वासी मालवी अवैध शराब बेचने का धंधा करता है जिस सूचना पर टीम ने काबू कर लिया उसके लिए हुए प्लास्टिक कट्टे को चैक किया तो कटा प्लास्टिक में 15 बोतल शराब मार्का जगाधरी नंबर 1 देसी शराब मिली।

# गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाएं-एसीएस आनंद मोहन शरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने शुक्रवार को गोहाना, गन्नौर तथा सोनीपत अनाज मंडी पहुंच कर गेहूं खरीद कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी रहे। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आने दें तथा गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाएं।

इस दौरान एसीएस अनाज मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत की और फसल खरीद की व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने गेंहू उपज की गुणवत्ता की जांच की और कहा कि किसान मंडियों में अपनी उपज को सुखाकर बिक्री के लिए लाएं। उन्होंने कहा कि जिला में गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है, ऐसे में मंडियों में किसानों की उपज की खरीद में किसी प्रकार की कोई अड़चने ना आने पाएं, इसके लिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

एसीएस ने ने खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों से बारदाने की उपलब्धता, नमी मापक यंत्र के अलावा अन्य कार्यो की विस्तार से जानकारी ली। इस बीच मंडी परिसरों में आढतियों से भी खरीद प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सुझाव लिए। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश

**शांति**

**8 मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आने दें-एसीएस**
**8 एसीएस ने गोहाना, गन्नौर तथा सोनीपत अनाज मंडी में गेहूं खरीद कार्य का लिया जायजा, दिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश**

दिए कि नमी के मानकों को ध्यान में रखते हुए खरीद की जाए। फसलों के उठान को लेकर भी एसीएस ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि एजेंसियां तय समय में फसल का उठान करते हुए गोदाम तक पहुंचाएं ताकि बारिश व अन्य कारणों से गेहूं व अन्य फसलों को नुकसान ना पहुंचे। एसीएस ने किसानों से अपील की है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आए ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो। खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है। इस मौके पर उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 3 लाख 33 हजार 132 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 82 हजार 164 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 1 लाख 52 हजार 915 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन (एचडब्ल्यूसी) द्वारा 81 हजार 776 तथा एफसीआई द्वारा की गई 16 हजार 277 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अब तक 45 हजार 181, हैफेड द्वारा 64 हजार 042 और हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 24 हजार 008 मीट्रिक टन तथा एफसीआई द्वारा 9 हजार 181 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है।

# सरकार गेहूं व सरसों की खरीद, उठान व भुगतान करने में पूरी तरह से फेल रही है

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपने अनाज मंडी दौरे के दौरान कहा कि हरियाणा में काफी जिलों में ओलावृष्टि व बारिश के कारण लाखों मीट्रिक टन गेहूं व सरसों भीग गई है। इस प्रकार पहले भी प्रदेश में बारिश होने से किसान की लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों खराब हो गई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण अनाज मंडियों से गेहूं व सरसों का उठान नहीं हो रहा है। सरकार ने गेहूं व सरसों खरीद से पहले



अनाज उठान व बारदाने की व्यवस्था नहीं की जिसके कारण आज किसान को एक महीने से मंडियों में फसल बेचने के लिए धक्के खा रहे हैं। सरकार जब यह सब प्रबंध करने में सक्षम नहीं है तो हर अनाज की खरीद पहले की तरह आढ़तियों के माध्यम से ऑफलाइन करें। जिससे किसान व आढ़तियों का आपसी तालमेल जो एक लंबे अर्से से चला आ रहा है वह बना रहे और किसान अपनी फसल बेच कर नगद पैसे लेकर घर जा सके। श्री गर्ग ने कहा कि गेहूं व सरसों खरीद, उठान व भुगतान में लापरवाही करने वाले सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सरकार को सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जबकि आज भी सरकारी ठेकेदार पैसे खाने के चक्कर में गेहूं व सरसों उठान में जानबूझकर देरी कर रहे हैं और सरकारी गोदाम में अनाज उतारने के लिए भी सरकारी अधिकारी पैसे खाने का खेला खेल

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफतार

**थाना** सदर जीन्द के अन्तर्गत गांव किनाना में हुए एक मामले में कार्यवाही करते हुए थाना सदर जीन्द प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यनारायण ने एक आरोपी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान कृष्ण वासी किनाना जिला जीन्द के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि 18.08.2023 को सदर थाना जीन्द में सूचना मिली कि फांसी लगाने के कारण किनाना गांव की एक महिला की मौत हो गई है। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मृतक महिला के पिता रामस्वरूप वासी बाहर के बयान पर महिला के पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया।

# गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद होने के बावजूद लाखों मीट्रिक टन अनाज का उठान ना होने का जिम्मेवार कौन है: गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपने अनाज मंडी दौरे के दौरान गेहूं खरीद का जायजा लेने के उपरांत आढ़ती व किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा में काफी जिलों में ओलावृष्टि व बारिश के कारण लाखों मीट्रिक टन गेहूं व सरसों भीग गई है। इस प्रकार पहले भी प्रदेश में बारिश होने से किसान की लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों खराब हो गई है।

बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण अनाज मंडियों से गेहूं व सरसों का उठान नहीं हो रहा है। सरकार ने गेहूं व सरसों खरीद से पहले अनाज उठान व बारदाने की व्यवस्था नहीं की जिसके कारण आज किसान को एक महीने से मंडियों में फसल बेचने के लिए धक्के खा रहे हैं। सरकार जब यह सब प्रबंध करने में सक्षम नहीं है तो हर अनाज की खरीद पहले की तरह आढ़तियों के माध्यम से ऑफलाइन करें। जिससे किसान व आढ़तियों का आपसी तालमेल जो एक लंबे अर्से से चला आ रहा है वह बना रहे और किसान अपनी फसल बेच कर नगद पैसे लेकर घर जा सके। श्री गर्ग ने कहा कि गेहूं व सरसों खरीद, उठान व भुगतान में लापरवाही करने वाले सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सरकार को सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जबकि आज भी सरकारी ठेकेदार पैसे खाने के चक्कर में गेहूं व सरसों उठान में जानबूझकर देरी कर रहे हैं और सरकारी गोदाम में अनाज उतारने के लिए भी सरकारी अधिकारी पैसे खाने का खेला खेल रहे हैं।

बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार के गेहूं व सरसों खरीद, उठान व भुगतान की सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं। सरकार को तुरंत प्रभाव से मंडियों में जो लाखों मीट्रिक टन गेहूं व सरसों खराब हो रहा है उसका उठान करवाना चाहिए और खराब हो चुकी किसानों की गेहूं व सरसों का तुरंत प्रभाव से मुआवजा सरकार को देना चाहिए। गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद होने के बावजूद लाखों मेट्रिक टन अनाज खुले में पड़ा है जिसका सरकारी खरीद एजेंसियों ने उठान नहीं करवाया।

# भाजपा नेताओं और शराब कारोबारियों का सीधा संबंध: गुप्ता

**का**

**8 दिल्ली मुख्यमंत्री को फर्जी केस में जेल में डाला, हरियाणा में हुआ असली शराब घोटाला: डॉ. गुप्ता**

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्ल गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर अवैध शराब घोटाले के मामले में हरियाणा की बीजेपी सरकार को घेरा। इसके पूर्व, उन्होंने कलायत विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा की। इस दौरान गांव काकौत के सरपंच नरेश और गांव की कमेटी आम आदमी पार्टी



में शामिल हुई। इनमें राजेश, प्रवीण, तेजेंद्रपाल, राकेश और गुरवचन श्योराण शामिल रहे। इस दौरान उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश (जेपी) के बेटे विकास सहारण भी मौजूद रहे।

उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव चंदाना से शुरू की। इसके बाद वे गांव प्योदा में लोगों से मिले। वहां से हरसौला में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव नरड़ में पहुंचे। यहां से गांव काकौत, सेगा, सिसमोर, सिसला, सौंगल, माजरा, कोटड़ा, सेरधा, फरीबाद, संतोक माजरा और मंडवाल में लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा अवैध शराब के धंधे का गढ़ बन गया है।एसआईटी की रिपोर्ट ने इस मामले पर मुहर भी लगा दी है। एसआईटी ने बताया है हरियाणा में सबसे बड़ा शराब घोटाला हुआ। इस मामले में हरियाणा में लगभग 9500 करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ। एसआईटी की रिपोर्ट में सामने आया कि जिन 50 लोगों की मौत नकली शराब पीने से हुई थी। उसके लिए शराब माफिया, एक्साइज विभाग, पुलिस विभाग और सरकार जिम्मेदार है।

# पंचकूला में भाजपा की विशाल रैली आज, सीएम सैनी होंगे शामिल : ज्ञानचंद

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
हरियाणा से विपक्ष का सूपड़ा साफ करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश में विधानसभा स्तर पर ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। चुनाव प्रचार अभियान में भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में रविवार को अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में पंचकूला विधानसभा की होने वाली सीएम नायब सैनी की विजय संकल्प रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को सायं 5 बजे पंचकूला में होने वाली विजय संकल्प रैली को सफल बनाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता लगातार लोगों से



संपर्क कर रैली में आने का न्यौता दे रहे हैं। रैली में किसी तरह की कोई कमी न रहे इसके लिए जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा और पार्टी के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी भी पूरी मेहनत कर रहे हैं। रैली की सफलता के लिए पार्टी के कार्यकर्ता भी घर-घर जाकर लोगों को रैली में आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि रविवार को होने वाली पंचकूला विधानसभा विजय संकल्प रैली विशाल होगी। उन्होंने कहा कि रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी रैली में मुख्य अतिथि होंगे। श्री सैनी का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया जाएगा। श्री गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी को सुनने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि पंचकूला विधानसभा की जनता ने भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को भारी समर्थन से विजयी बनाने का मन बनाया हुआ है। रविवार को होने वाली सीएम सैनी की यह रैली ऐतिहासिक होगी और बंतो कटारिया की जीत को प्रचंड बनाने का काम करेगी। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने देश को नई दशा और दिशा दी है। 10 सालों में किसानों को समृद्ध बनाने के लिए मोदी सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि जो काम कांग्रेस 55 साल में नहीं कर पाई उससे ज्यादा काम मोदी सरकार ने 10 सालों में करके दिखाया है। श्री गुप्ता ने कहा कि जनता भी मोदी सरकार के कार्यों से खुश है और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है। श्री गुप्ता ने आम जन से आह्वान करते हुए कहा कि वे रविवार को सीएम नायब सैनी की विजय संकल्प रैली में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें।श्री गुप्ता ने कहा कि देश, प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा की सरकार बनना जरूरी है।

श्री गुप्ता ने नवाज रैली स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उन्होंने कहा कि रविवार को होने यह रैली ऐतिहासिक रहेगी। श्री गुप्ता ने कहा रैली में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ आने की संभावना है,

# दिव्यांग केंद्र में निशुल्क शिविर आयोजित करके 16 लोगों के लिए फ्री नेत्र ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार,**
: स्वास्थ्य व सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन का निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। विवेक गर्ग हैदराबाद वाले एवं रोहतास कुमार गोयल छानी वाले ने इस निशुल्क शिविर में विशेष सहयोग दिया। इस शिविर में 16 जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन करके राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, सीताराम मंगल व दिनेश सिंगला सहित काफी गणमान्य लोग एवं दिव्यांग केंद्र के पदाधिकारी



उपस्थित रहे। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 3 मई को भी शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इस शिविर के लिए किसी भी कार्यदिवस में दिव्यांग केंद्र में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता हे। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि समाजसेवियों के सहयोग से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए जाते हैं। उन्होंने कहा इस बार निशुल्क शिविर में विवेक गर्ग व रोहतास कुमार गोयल का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र जांच, नेत्र चिकित्सा व नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ही समस्त कार्य किए जाते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 28 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## महबूबा मुफ्ती ने पुंछ में किया चुनाव प्रचार

**पुंछ:** पीडीपी अध्यक्षा महबूबा मुफ्ती ने अपना चुनाव प्रचार जारी रखते हुए शनिवार को पुंछ जिले के लोगों से मिली। बीच बारिश के दौरान महबूबा ने अपने कुछ कार्यकर्ताओं के घर का दौरा भी किया और लोगों को आने वाले चुनावो में पीडीपी को वोट डालने की अपील की। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि पीडीपी ने सत्ता में रहते और सत्ता में बाहर रहते केवल लोगों की सेवा की और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अपील करती हूं वह पीडीपी को सहयोग करें ताकि मैं आप लोगों की आवाज को उपर तक ले जा सकूं।

## झारखंड के सरायकेला का तापमान पहुंचा 45

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** राज्य के लगभग सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मात्र छह जिलों का ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक चल रहा है। इस कारण लोगों को पूर्वाह्न दस बजे के बाद से घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां का 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गोड्डा, बहरागोड़ा का तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ का तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सिमडेगा, साहेबगंज, पलामू, जामताड़ा का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह, रामगढ़ का तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रांची का तापमान 39 .5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में 28 से 29 के बीच भी देखा जायेगा। आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा।

## पीडीएम ने लखनऊ से ममता को टिकट दिया

**लखनऊ:** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असद्दुदीन ओवैसी के उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव में इंट्री के बाद बने पिछड़ा, दलित और मुस्लिम अर्थात पीडीएम गठबंधन ने लोकसभा चुनाव को लेकर एक और कदम बढ़ाया है। पीडीएम ने लखनऊ से ममता को चुनाव मैदान में उतारा है।

पीडीएम ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तीसरी बार सूची जारी की है। मिजार्पुर लोकसभा सीट से दौलत सिंह पटेल, कौशाम्बी सुरक्षित सीट से नरेन्द्र कुमार सरोज, प्रतापगढ़ से डा. ऋषि पटेल और लखनऊ लोकसभा सीट से ममता कश्यप को पीडीएम की ओर से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया है। ये चारों चेहरों पर नजर डाले तो इनमें से कोई भी राजनीतिक क्षेत्र में बहुत चर्चित नाम नहीं है। फिर भी पीडीएम को मजबूत करने के लिए टिकट मिलते ही प्रत्याशी अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गये है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक अर्थात पीडीए गठबंधन के मुकाबले बने असद्दुदीन ओवैसी और पल्लवी पटेल के पीडीएम गठबंधन अपने लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणाएं कर हर जनपद में अपने गठबंधन को मजबूत कर रहे है।

# तीसरा चरण: घट गई महिला उम्मीदवारों की दावेदारी

## पिछले चुनाव में 10 सीटों में केवल बदायूं सीट से महिला उम्मीदवार जीतकर संसद की दहलीज पार कर पाई थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उप्र में तीसरे चरण** के चुनाव के लिए 10 सीटों पर 7 मई को मतदान होगा। पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में महिला उम्मीदवारों की दावेदारी में कमी आई है। प्रमुख राजनीतिक दलों ने भी महिला उम्मीदवारों का टिकट देने में दरियादिली नहीं दिखाई। बता दें, पिछले चुनाव में 10 सीटों में केवल बदायूं सीट से महिला उम्मीदवार जीतकर संसद की दहलीज पार कर पाई थी।



**2019 में थी 13 महिलाएं उम्मीदवार :** तीसरे चरण में जिन दस सीटों पर चुनाव होना है उनमें संभल, हाथरस (अ0जा0), आगरा (अ0जा0), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली शामिल हैं। 2019 के चुनाव में कुल 115 उम्मीदवारों में से 13 महिलाएं थी। इस चुनाव में संभल सीट से 1, आगरा से 2, फतेहपुर सीकरी से 2, एटा और बदायूं से 1-1, और बरेली व आंवाला से 3-3 महिला प्रत्याशी मैदान में थीं। हाथरस (अ0जा0), फिरोजाबाद और मैनपुरी से कोई महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं थी 2019 के चुनाव आंकड़ों के मुताबिक, बदायूं संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार डॉ. संघप्रिया गौतम ने जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रीता हरित आगरा से चुनाव मैदान में थी। प्रीता हरित तीसरे स्थान पर रही। 2022 में मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट पर हुए उपुचनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की डिम्पल यादव ने जीत हासिल की थी। आंवला सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार रुचिवीरा रनर रहीं।

**2024 के चुनाव में घट गई दावेदारी :** 2024 के आम चुनाव में तीसरे चरण की 10 सीटों पर कुल 100 उम्मीदवारों में नौ महिलाएं हैं। पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में चार महिला उम्मीदवार घट गए हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों की महिला उम्मीदवारों की बात की जाए तो सपा ने मैनपुरी से डिंपल यादव को मैदान में उतारा है। इसके अलावा किसी प्रमुख दल ने महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आगरा (अ0जा0), फतेहपुर सीकरी और फिरोजबाद सीट से 1-1, मैनपुरी और बदायूं से 2-2, आंवला और बरेली से 1-1 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही हैं।

### 34 सीटें ऐसी, जहां से आज तक संसद नहीं पहुंची महिलाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** 18वीं लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में ब्रज और रुहेलखंड की 10 सीटों पर सात मई को मतदान होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में संभल और मैनपुरी सीटों पर साइकिल दौड़ी थी, जबकि आठ सीटों पर कमल खिला था। इन सीटों में से तीन सीटें ऐसी हैं, जहां से आज तक कोई महिला सांसद बनकर संसद नहीं पहुंची हैं। बता दें, उप्र की 80 लोकसभा सीटों में से 34 ऐसी हैं, जहां से आज भी कोई महिला संसद की दहलीज तक नहीं पहुंच सकी है।

**तीसरे चरण की सीटें:** तीसरे चरण की दस सीटों में संभल, हाथरस (अ0जा0), आगरा (अ0जा0), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली शामिल हैं।

मतदान

8 18वीं लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में ब्रज और रुहेलखंड की 10 सीटों पर सात मई को मतदान होगा

**इन तीन सीटों से महिला सांसद नहीं बनी :** आगरा (अ0जा0), फिरोजाबाद और एटा संसदीय सीट से अब तक कोई महिला सांसद चुनकर संसद नहीं पहुंची हैं।

कुछ प्रमुख राजनीतिक दलों ने इन सीटों पर चुनाव लड़ाया भी लेकिन हार के बाद फिर साहस नहीं दिखा सके। 2019 के चुनाव में आगरा सीट से कांग्रेस ने प्रीता हरित को मैदान में उतारा था। ये चुनाव भाजपा के प्रो0 एसपी सिंह बघेल ने 646,875 (56.46%) जीता। कांग्रेस प्रत्याशी मात्र 45149 (3.94%) वोट पाकर तीसरे स्थान पर रही। आगरा के अलावा कई दूसरी सीटों पर भी महिला प्रत्याशी मैदान में थी, लेकिन किसी को जीत नसीब नहीं हुई।

### आंवला से तीन बार चुनी गई महिला सांसद

**पश्चिमी** उप्र की अहम संसदीय सीट आंवला तीसरे आम चुनाव 1967 में अस्तित्व में आई। पहले चुनाव में कांग्रेस की सावित्री श्याम नें यहां जीत दर्ज की। 1971 के चुनाव में दोबारा कांग्रेस की टिकट पर सावित्री श्याम यहां से विजयी होकर संसद पहुंची। इस जीत के बाद साढ़े तीन दशक बाद 2009 के आम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने जीत का झंडा गाड़ा। मेनका गांधी की जीत के बाद अब तक कोई महिला प्रत्याशी यहां जीत नहीं सकी। 2014 के चुनाव में बसपा प्रत्याशी सुनीता शाक्य मैदान में उतरी और तीसरे नंबर पर रही। वहीं, 2019 में बसपा की टिकट पर रुचिवीरा ने अपनी किस्मत आजमाई। रुचिवीरा दूसरे स्थान पर रही। संभल संसदीय सीट 1977 में अस्तित्व में आई। इस सीट पर हुए पहले चुनाव में भारतीय लोकदल (बीएलडी) उम्मीदवार शांति देवी ने कांग्रेस के जुगल किशोर को लगभग 1 लाख 33 हजार वोटों के बड़े अंतर से परास्त किया।

## 'आपको और हम सबको जेल में डाल देगी भाजपा'



**टीम एक्शन इडिया**

**कानपुर देहात:** कन्नौज लोकसभा में आने वाली रसूलाबाद विधानसभा में शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसम्पर्क किया। उन्होंने आम लोगों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार आपको और हमें भी जेल में डाल देगी। लोकसभा चुनाव के चलते देश के हर कोने में इस महापर्व की चर्चाएं जोरों पर है। सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट पर पहले तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद अखिलेश यादव को यहां से लड़ने की मांग तेज हो गई तो सपा अध्यक्ष ने अपना नामांकन करा लिया। अब इस लोकसभा सीट पर सबकी नजर बनी हुई है। भाजपा से मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक हैं। नामांकन के बाद शनिवार को अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा की रसूलाबाद विधानसभा में एक रोड शो का आयोजन कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

साधा निशाना

8 भाजपा ने भ्रष्टाचारों के लिए गोदाम खोल रखा है। जितने भी भ्रष्टाचारी हैं सब भाजपा के गोदाम में हैं

**भ्रष्टाचारों का खोल रखा है गोदाम :** कन्नौज लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचारों के लिए एक गोदाम खोल रखा है। जितने भी भ्रष्टाचारी हैं इस समय भाजपा के गोदाम में हैं, जिसके चलते भ्रष्टाचार चरम पर है। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड ने बीजेपी की बैंड बजा दिया है। ये जो भारतीय जनता पार्टी ने वसूली की है उसका परिणाम है कि आम जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने हजारों करोड़ रुपये चंदा लिया है।



नई दिल्ली में वायु सेना अलंकरण समारोह 2024 की झलकियाँ।

## सीएम धामी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड के बहुउद्देशीय हॉल में रोल बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 16वीं सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड और हिमाचल के बीच आयोजित मैच का आनंद लिया। इससे पहले सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया और खेल के क्षेत्र में देश-प्रदेश का नाम रौशन करने का आह्वान किया।

बहुउद्देशीय

8 इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड और हिमाचल के बीच आयोजित मैच का आनंद लिया

**देशभर की 28 टीमें ले रहीं भाग:** उल्लेखनीय है कि 25 से 28 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में देशभर की 28 टीमें भाग ले रही हैं।

## बंगाल को पूरी तरह से ममता ने बर्बाद कर दिया: घोष

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** संदेशखाली में शेख शाहजहां के करीबी के घर से भारी मात्रा में हथियार बारामदगी के लिए एनएसजी कमांडो की तैनाती को लेकर भाजपा नेता दिलीप घोष ने ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि बंगाल को पूरी तरह से ममता ने बर्बाद कर दिया है। अब ऐसा भी समय आने वाला है जब तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के घरों की तलाशी के लिए सेना उतारनी पड़ सकती है। बर्दवान दुगार्पुर से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने शनिवार सुबह कहा, "कल्पना कीजिए कि यहां मतदान के लिए सीआरपीएफ को लाना पड़ा।

## बेमेतरा के बिरनपुर हत्याकांड की सीबीआई जांच शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में पिछले साल हुए बहुचर्चित हत्याकांड की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली है। बिरनपुर गांव में 8 अप्रैल 2023 को दो समुदायों के बीच हिंसा हुई थी। इस हिंसा में मौजूदा भाजपा विधायक ईश्वर साहू के 23 वर्षीय बेटे भुवनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई थी। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने सीबीआई से इस मामले की जांच कराने का ऐलान किया था। केंद्र सरकार ने इसे स्वीकार करते हुए अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद अब सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस केस में 12 लोगों को





आरोपित बनाया गया है। इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 336, 307, 302 और 120 बी के तहत केस दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भुवनेश्वर साहू की हत्या किये जाने का मामला साजा थाने में 8 अप्रैल 2023 को पंजीकृत किया गया था। आरोप है कि एक गांव के कक्षा 7-8 में पढ़ने वाले बच्चे स्कूल से लौट रहे थे, उसी दौरान कबाड़ी की दुकान पर काम करने वाले एक समुदाय के लड़कों ने उनकी पिटाई कर दी। जब पीड़ित अपने दोस्तों के साथ दोपहर में उस समुदाय के इलाके में गया, तब उस समुदाय के सदस्यों ने छत से पथराव करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसके उसके सिर में चोटें आईं, जिसकी वजह से जमीन पर गिर गया। इसके बाद आरोपितों और अन्य लोगों ने कथित तौर पर तेज चाकू व घातक हथियारों से उसकी हत्या कर दी। जांच के दौरान स्थानीय पुलिस को नामित 12 आरोपितों के खिलाफ आपराधिक सबूत मिले और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने सक्षम अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया।

## प्रहलाद सिंह पटेल का कांग्रेस पर प्रहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**दमोह:** मध्य प्रदेश सरकार में पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कांग्रेस को आईना दिखाते हुए कड़े शब्दों के उस पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जिसके मतदान केंदों पर पोलिंग एजेंट तक ना रहे हों वह कांग्रेस किस मुंह से भारतीय जनता पार्टी को घेरने की बात करती है। दरअसल, शनिवार को मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोप दमोह में मतदान का प्रतिशत गिरने की वजह भारतीय जनता पार्टी की अंतर कलह है का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान का प्रतिशत घटना लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है, परंतु तेज गर्मी और भारी मात्रा में शादी विवाह का होना भी एक बड़ा कारण रहा है।

## कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी : केशव प्रसाद मौर्य

**टीम एक्शन इडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी है। कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को ओबीसी का आरक्षण देकर उनके अधिकारों पर डाका डाला गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना खतरनाक शुरूआत है। इससे एक नया पाकिस्तान बनाने का जहर बोना है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बैंक के लिए कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के तहत कर्नाटक



आरक्षण माडल देश भर में लागू करना चाहती है। कांग्रेस देश में जाति जनगणना कर एक्स-रे करने की बात कर रही है, लेकिन राहुल गांधी को यह ज्ञात नहीं है कि देश की जनता उनके षड्यन्त्र की एमआरआई कर रही है। सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर उप मुख्यमंत्री ने पोस्ट किया कि देश के लोकतंत्र को 4 नासूरों ने ग्रसित किया है। परिवारवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और जातिवाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर इन चारों नासूरों को हटाकर स्वच्छ राजनीति को स्थापित किया।

## उधमपुर में शुरू हो सकती है ई-बस सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**उधमपुर:** उधमपुर में भी जम्मू की तर्ज पर ई-बस सेवा बहुत जल्द शुरू हो सकती है। इसके लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसके लिए बैटरी को चार्ज करने हेतु कारगिल हनुमान मंदिर के समीप स्थित न्यू बस स्टैंड में बैटरी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जा रहा है तथा वहां पर एक कार्यालय भी बनाया,

यहां पर कर्मचारी की तैनाती होगी जिसकी देख-रेख में बैटरियों को चार्ज किया जाएगा।

यह ई-बस पूरी तरह प्रदूषणरहित व एसी गाड़ी होगी जिससे यात्रियों की यात्रा भी सुविधाजनक हो जाएगी।

## उत्तराखंड: पर्यटकों को भा रही गरतांग गली



**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशी:** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले का गंगोत्री नेशनल पार्क समुद्र तल से 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस पार्क की गरतांग गली इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। यह गली गंगोत्री नेशनल पार्क के लिए कमाई का जरिया भी बन गई है। बीते 23 दिनों में 2099 पर्यटकों ने इस गरतांग गली के दीदार किए। इससे पार्क प्रशासन को चार लाख तीस हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए गंगोत्री नेशनल पार्क के उपनिदेशक रंगनाथ पांडेय ने बताया कि इस बार पार्क के गेट पर्यटकों के लिए एक अप्रैल को खोल दिए गए थे। हालांकि, गोमुख तपोवन ट्रैक क्षतिग्रस्त होने, मार्ग में बड़े-बड़े हिमखंड होने और खराब मौसम के चलते फिलहाल इस ट्रैक पर पर्यटकों व पर्वतारोहियों की आवाजाही शुरू नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल तक कुल 2099 पर्यटकों ने यहां के दीदार किए। इन में 17 विदेशी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत-चीन सीमा के निकट स्थित गरतांग गली लगभग 150 साल पुरानी है। यह गली भारत-तिब्बत के बीच व्यापारिक रिश्तों की गवाह है। खड़ी चट्टान को काटकर तैयार की गई यह गली एक प्रकार से लड़की का पुल है। 1962 के भारत-चीन युद्ध बाद इसे बंद कर दिया गया था।

राजस्व में वृद्धि

8 2099 पर्यटकों ने इस गरतांग गली के दीदार किए। इससे पार्क प्रशासन को राजस्व प्राप्त हुआ है

वर्ष 2021 में ही 64 लाख रुपये की लागत से इसका जीर्णोद्धार कर इसे खोला गया था। रोमांचक पर्यटन के शौकीनों के लिए ये पसंदीदा स्थल है। करीब 2390 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला गंगोत्री नेशनल पार्क दुर्लभ वन्य जीवों स्नो लेपर्ड, भरल, काला भालू ,भूरा भालू , हिमालय थार, कस्तूरी मृग आदि दुर्लभ वन्यजीव भी निवास करते हैं।

जातीय आधार

### राजनीतिक दलों के समर्थक अब हार-जीत की गुणा-भाग में लग गए हैं

## लोस चुनाव : कम मतदान से उलझे जीत के समीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर कम मतदान होने का उम्मीदवार की जीत के समीकरण उलझ गए हैं। जातीय आधार पर वोटरों में बंटवारा होने से भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर दिखाई दे रहे हैं। मतदान सम्पन्न होने के बाद राजनीतिक दलों के समर्थक अब हार-जीत की गुणा-भाग में लग गए हैं और चार जून को मतगणना का इंतजार करने लगे हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भाजपा ने तीन बार के सांसद राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अभिनेता अरुण



गोविल को चुनाव मैदान में उतारा। सपा ने तीन बार टिकट बदलने के बाद दलित वर्ग की पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को उम्मीदवार बनाया। बसपा ने भाजपा के कैडर वोट बैंक त्यागी समाज के देवव्रत त्यागी को टिकट दिया। भाजपा ने इस सीट को जीतने के लिए ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक जनसभा हुई तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच बार मेरठ का दौरा किया। 26 अप्रैल को हुए चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने से हार-जीत के समीकरण उलझ गए हैं। मतदान में जातीय आधार पर वोटों में बंटवारा होने से सपा और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर की सम्भावना बन गई है। चुनाव आयोग और राजनीति दलों ने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की थी, लेकिन इसके बाद भी बड़ी संख्या में मतदाता वोट डालने के लिए घर से बाहर नहीं निकले।

## झारखंड: 14 सीटों पर एनडीए-आईएनडीआईए का प्लॉट तैयार

**टीम एक्शन इडिया**

**रांची:** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। इसे लेकर एनडीए और आईएनडीआईए ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर दोनों गठबंधनों ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। दोनों गठबंधनों के बीच रोचक मुकाबले की बिसात भी बिछ गई है। राज्य में आईएनडीआईए में चार राजनीतिक पार्टियों कांग्रेस, झामुमो, राजद और सीपीआई माले को जगह मिली है। इन सबके बीच 7-5-1-1 फॉमूर्ले पर सीट शेयरिंग भी हुई है। लेफ्ट की दो अन्य पार्टियों सीपीआई और सीपीएम को गठबंधन में जगह नहीं मिलने की वजह से कुछ स्थानों पर दोनों दलों ने अपने-अपने प्रत्याशी भी उतारे हैं लेकिन इस बार जो स्थितियां बन रही हैं उसमें मुख्य मुकाबला एनडीए और आईएनडीआईए के बीच ही दिख रहा है। कुछ नेता जैसे लोहरदगा से चमरा लिंडा, राजमहल से लोबिन हेंब्रम कितना प्रभाव छोड़ पाएंगे यह तो चार जून को मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा।